राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 244
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 29 जुलाई 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास जम्मू-कश्मीर की कंपनी बनाएगी
पेज 4 राज्यपाल के आदेश पर अपर मुख्य अधिकारी समेत तीन अफसर
पेज 6 सुदर्शन तीसरे नंबर के लिए बेहतर बल्लेबाज : पोंटिंग

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली विधानसभा का मानसून सत्र 4 अगस्त से शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा का मानसून सत्र 4 अगस्त से शुरू होगा। दिल्ली में भाजपा सरकार बनने के बाद यह तीसरा सत्र होगा। इस बार विधानसभा का सत्र कई मायनों में खास है। सत्र में पेपरलेस कामकाज हो इसके लिए नए सॉफ्टवेयर से लेकर सभी विधायकों को पिछले दिनों आईपैड और मोबाइल पर काम करने की ट्रेनिंग भी दी गई थी। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा में नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन लागू करने की प्रक्रिया तेजी से होने और मानसून सत्र से पहले इसके पूरा होने की संभावना जताई है। गुप्ता ने कहा कि विधानसभा पूरी तरह से सौर ऊर्जा पर आधारित होगा।

### हरियाणा में सीआरपीएफ जवान की गोली मारकर हत्या

**सोनीपत।** हरियाणा के सोनीपत में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्यारे रविवार की देर रात में उसे घर से बुलाकर ले गए और गोली मार दी। गोली की आवाज सुनते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तो जवान उन्हें लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। परिजन तुरंत उसे अस्पताल में ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही सदर गोहाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान गांव खेड़ी दमकन निवासी कृष्णा के रूप में हुई है।

## लुधियाना में नहर में गिरी पिकअप, 8 श्रद्धालुओं की मौत

### इनमें 2 बच्चे भी, 3 लापता; हिमाचल में नैना देवी के दर्शन कर लौट रहे थे





**लुधियाना।** पंजाब के लुधियाना में रविवार देर रात मलेरकोटला रोड पर जगेड़ा नहर के पुल से महिंद्रा पिकअप गाड़ी नहर में गिर गई। गाड़ी में कुल 29 लोग सवार थे, जिनमें से 3 बच्चों और 4 महिलाओं समेत 8 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 2 लोग नहर में लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है। सभी लोग हिमाचल से माता नैना देवी के दर्शन कर अपने गांव मानकवाल लौट रहे थे। गाड़ी में सवार लोगों के अनुसार, पिकअप गाड़ी ओवरलोड थी। एक वाहन को ओवरटेक करते समय अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और यह हादसा हो गया। मृतकों की पहचान जरनैल सिंह (52), कृष्णा कौर (60), मनजीत कौर (58), कमलजीत कौर (25), सुखमन कौर (डेढ़ साल), महिंदर कौर (22), आकाशदीप सिंह (8), और अर्शदीप (4) के रूप में हुई है।

ये सभी गांव मानकवाल के रहने वाले थे। इनके शव रात 2 बजे लुधियाना के सिविल अस्पताल पहुंचाए गए। वहीं, केशर सिंह और गुरप्रीत सिंह लापता हैं, जिनकी खोज में सर्च ऑपरेशन चल रहा है।

नहर से 4 शव रात में ही बरामद हो गए थे, जबकि 2 महिलाओं के शव आज सुबह मिले और एक महिला का शव शाम के समय बरामद किया गया। सभी का पोस्टमॉर्टम मंगलवार को होगा।

#### दुर्घटना में ये लोग घायल हुए

वहीं, घायलों में गुरविंदर सिंह, रणजीत कौर, मनवीर सिंह, कुलविंदर सिंह, मनिंदर सिंह, छिंदर सिंह, काका सिंह, जसविंदर सिंह, सरबजीत कौर, सन्नी सिंह, संदीप कौर, भाग सिंह, बिंदर कौर, कमलजीत उर्फ पूजा, सरबजीत कौर, जसवीर कौर, जगवीर सिंह, चरनजीत कौर और जश्न सिंह शामिल हैं। ये सभी हुसैनपुरा के रहने वाले हैं।

## श्रीनगर : पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड समेत 3 आतंकी ढेर

### सेना ने ऑपरेशन महादेव में मार गिराया; सैटेलाइट फोन के सिग्नल से लोकेशन मिली



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर के दाचीगाम नेशनल पार्क के पास हरवान इलाके में सोमवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन पाकिस्तानी आतंकवादी मारे गए। खबरें हैं इनमें पहलगाम हमले का मुख्य आरोपी हाशिम मूसा भी शामिल है।

सेना ने यह कार्रवाई ऑपरेशन महादेव के तहत की। बाकी दो आतंकियों की पहचान जिबरान और हमजा अफगानी के रूप में हुई है। जिबरान 2024 के सोनमर्ग सुरंग प्रोजेक्ट पर हुए हमले में शामिल था।

आतंकियों के पास से अमेरिकी एम 4 कार्बाइन, एके-47, 17 राइफल और ग्रेनेड मिले हैं। कुछ और संदिग्ध सामान भी बरामद हुआ है। सेना मंगलवार को ऑपरेशन महादेव पर जानकारी दे सकती है।

#### पहलगाम हमले में 26 पर्यटकों की जान गई थी

22 अप्रैल को हुए पहलगाम हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी और 16 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। आतंकियों ने पर्यटकों को उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर चुन-चुनकर निशाना बनाया था। घटना पहलगाम शहर से 6 किलोमीटर दूर बायसरन घाटी में हुई थी।

#### एक हफ्ते पहले आतंकियों के छिपे होने का सुराग मिला था

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पाकिस्तानी आतंकियों मारे जाने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि पुलिस-प्रशासन इस बारे में पूरी जानकारी देगा। मैं सेना, पुलिस और इस ऑपरेशन में शामिल सभी लोगों को बधाई देता हूं। रक्षा सूत्रों के अनुसार, एक हफ्ते पहले सुरक्षाबलों को श्रीनगर के दाचीगाम जंगल में आतंकियों के छिपे होने की खुफिया जानकारी मिली थी। इन आतंकियों ने हमले के बाद पहली बार एक चाइनीज अल्ट्रा कम्युनिकेशन सेट को फिर से एक्टिवेट किया था। उसी सैटेलाइट फोन के सिग्नल ट्रैस हुए। इसके बाद सुरक्षाबलों ने आतंकियों का पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाया। आज सुबह लगभग 11: 30 बजे 24 राष्ट्रीय राइफल्स और 4 पैरा यूनिट के जवानों की एक टुकड़ी ने एडवांस गैजेट्स का इस्तेमाल करके आतंकियों का लोकेशन पता लगाया और वहां मौजूद तीनों आतंकियों को मार गिराया।

### विरोध प्रदर्शन





भारतीय युवा कांग्रेस के सदस्य नई दिल्ली में बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान।

## मध्य प्रदेश में काटे जाएंगे 17 हजार से अधिक पेड़

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राज्य सभा को बताया कि महत्वाकांक्षी केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के लिए मध्यप्रदेश में 17 हजार से अधिक पेड़ काटे जाएंगे। इनमें से 12 हजार से अधिक पेड़ पन्ना टाइगर रिजर्व क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। संबंधित परियोजना प्राधिकरण, जिला प्रशासन और वन विभाग द्वारा पेड़ों को काटने के निर्णय के खिलाफ विरोध की सूचना नहीं मिली है। जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना एकमात्र नदी जोड़ो योजना है जो कार्यान्वयन चरण में पहुंच गई है। मंत्री ने लिखित जवाब में कहा, केन-बेतवा लिंक परियोजना (केबीएलपी) के तहत, मध्य प्रदेश में दौधन बांध और संबद्ध बुनियादी ढांचे के लिए लगभग 17,101 पेड़ों को काटने के लिए चिह्नित किया गया है। इनमें से 12,404 पेड़ पन्ना टाइगर रिजर्व वन के भीतर हैं इस परियोजना से 7,193 परिवारों के प्रभावित होने की संभावना है। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सरकारों को कानून के अनुसार भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास की व्यवस्था करना है। मध्य प्रदेश सरकार ने सितंबर 2023 में विशेष मुआवजा और पुनर्वास पैकेज को मंजूरी दी थी।

## यूपी- बाराबंकी के अवसानेश्वर मंदिर में भगदड़, 2 लोगो की मौत

### जलाभिषेक के दौरान करंट फैलने से हादसा, 29 घायल



**बाराबंकी।** यूपी में बाराबंकी के अवसानेश्वर महादेव मंदिर में सावन के तीसरे सोमवार को भगदड़ मच गई। हादसे में दो श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, 29 लोग घायल हैं, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

बताया जा रहा है कि रविवार रात 2.30 बजे जलाभिषेक के दौरान मंदिर परिसर में अचानक करंट फैलने से हादसा हुआ। भागने के दौरान लोग एक-दूसरे को कुचलते चले गए। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने घटना को लेकर डीएम से 24 घंटे में रिपोर्ट मांगी है। सीएमओ अवधेश यादव ने बताया- हादसे के बाद पुलिसकर्मी एंबुलेंस से 29 लोगों को हैदरगढ़ सीएचसी लेकर आए। 9 को त्रिवेदीगंज और 6 को कोठी सीएचसी भेजा गया। 5 गंभीर घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। अब तक दो की मौत हुई है।

डीएम शशांक त्रिपाठी ने बताया- कुछ बंदर बिजली के तार पर कूद गए थे, जिससे तार टूटकर मंदिर परिसर के टीनशेड पर गिर गया। इसी कारण करंट फैल गया। करंट लगने से प्रशांत कुमार (16) और रमेश कुमार (35) की मौत हुई है।

## बिहार में 'एसआईआर' पर फिलहाल कोई रोक नहीं

### सुप्रीम कोर्ट ने ईसी से पूछा- आधार कार्ड और वोटर आईडी को क्यों शामिल नहीं कर रहे

**पटना।** बिहार में हो रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने एसआईआर पर रोक से इनकार कर दिया है।

इसके साथ ही चुनाव आयोग से पूछा है- आधार कार्ड, वोटर आईडी और राशन कार्ड को मतदाता पहचान के लिए स्वीकार क्यों नहीं किया जा रहा है। चुनाव आयोग ने कहा कि राशन कार्ड पर विचार नहीं किया जा सकता। यह बहुत बड़े पैमाने पर बना है, फर्जी होने की संभावना अधिक है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अगर बात फर्जीवाड़े की है तो धरती पर कोई ऐसा डॉक्यूमेंट नहीं है, जिसकी नकल नहीं हो सके। ऐसे में 11 दस्तावेजों के आपके सूचीबद्ध करने का क्या आधार है? कोर्ट ने चुनाव आयोग से इन दस्तावेजों को शामिल करने पर विचार करने और आज सुबह 10: 30 बजे तक जवाब देने को कहा है। कोर्ट ने कहा कल हम सुनवाई करेंगे और बताएंगे कि इस मामले पर विस्तार से सुनवाई कब होगी।



#### 65 लाख नाम लिस्ट से हटे

चुनाव आयोग ने 27 जुलाई को एसआईआर के पहले चरण के आंकड़े जारी कर दिए हैं। इसके मुताबिक बिहार में अब 7.24 करोड़ वोटर हैं। पहले यह आंकड़ा 7.89 करोड़ था। वोटर लिस्ट रिवीजन के बाद 65 लाख नाम सूची से हटा दिए गए हैं।

हटाए गए नामों में वे लोग शामिल हैं, जो अब इस दुनिया में नहीं हैं या फिर कहीं और स्थायी रूप से रह रहे हैं या जिनका नाम दो वोटर लिस्ट में दर्ज था। इनमें से 22 लाख लोगों की मौत हो चुकी है।

## हैप्पी मॉर्निंग



गोलू लड़की देखने गया
लड़की ने गोलू से अकेले मे पूछा-
तुम्हे खाने में क्या-क्या पसंद है?
गोलू ने लंबी-चौड़ी लिस्ट बोल दी
लड़की (लिस्ट सुनने के बाद)-
इनमे से आप क्या-क्या बना
लेते हो?
गोलू- सबकुछ
लड़की- शादी
पक्की....



## शायरी

हर-चंद एतबार में धोके भी हैं
मगर
ये तो नहीं किसी पे भरोसा किया
न जाए

## जालंधर-अस्पताल के आईसीयू में ऑक्सीजन सप्लाई रुकी, 3 की मौत

### डायरेक्टर बोले- छुट्टी पर था ऑपरेटर, 25 मिनट तक बाधित रही सप्लाई



**जालंधर।** जालंधर सिविल अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में रविवार रात उस समय हड़कंप मच गया, जब आईसीयू में भर्ती मरीजों की ऑक्सीजन सप्लाई 2 मिनट के लिए बाधित हो गई। इस दौरान तीन मरीजों की मौत हो गई और दो की हालत बिगड़ गई, जिन्हें बाद में उपचार के बाद बचा लिया गया।

घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। जैसे ही मामला सरकार तक पहुंचा तो, रात को करीब सवा एक बजे स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह अस्पताल पहुंचे और अधिकारियों से मीटिंग की।

सोमवार सुबह भी हालात पर नजर रखने के लिए मंत्री दोबारा अस्पताल पहुंचे। वहीं, दोपहर में पंजाब सरकार के मंत्री मोहिंदर भगत भी अस्पताल पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। इसके साथ ही चंडीगढ़ से पहुंचे स्वास्थ्य विभाग के डायरेक्टर डॉ. अनिल अग्रवाल ने अस्पताल की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि जांच में सामने आया है कि ऑक्सीजन सप्लाई करीब 20 से 25 मिनट तक बाधित रही थी। डायरेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि घटना के वक्त नियमित ऑपरेटर छुट्टी पर था और उसकी जगह लगाए गए कर्मचारी की भूमिका भी जांच के घेरे में है।

## गांधीनगर में देश का सबसे बड़ा डिजिटल अरेस्ट

### डॉक्टर को 3 महीने अरेस्ट कर 19.24 करोड़ रुपए वसूले, महिला ने पैसे चुकाने गोल्ड लोन तक लिया



**गांधीनगर।** साइबर फ्रॉड : बताओ... अभी तुम कहां हो? महिला डॉक्टर : मैं दवा की दुकान पर हूं। वह मेरे घर के पास ही है। साइबर फ्रॉड : चलो... अभी घर जाओ और तुम्हें जो बैंक अकाउंट दिया है, उसमें दो करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दो। महिला डॉक्टर : लेकिन मैं तुम्हें पहले ही 6 करोड़ दे चुकी हूं और कितने पैसे दूं? साइबर फ्रॉड : पुलिस सिविल ड्रेस में तुम्हारे इर्द-गिर्द घूम रही है। हमारी नजर तुम पर है। अगर हमें पैसे नहीं मिले, तो हम तुम्हें ले जाएंगे। महिला डॉक्टर : नहीं.. नहीं... ऐसा मत करना... मैं घर जाकर तुम्हारे खाते में दो करोड़ रुपए ट्रांसफर करती हूं।


मोबाइल पर हुई बातचीत के ये अंश गांधीनगर की एक सीनियर महिला डॉक्टर और साइबर फ्रॉड के बीच के हैं। ठगी का यह सिलसिला मार्च महीने में शुरू हुआ था। इस तरह महिला डॉक्टर ने 3 महीने में 19 करोड़ 24 लाख रुपए गंवा दिए। और तब जाकर पता चला कि वह एक साइबर स्कैम का शिकार हो गई हैं।

## अर्थसार



सेंसेक्स:
80,891.02
-572.07 (0.70%)
निफ्टी:
24,680.90
-156.10

## मौसम



| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 31 डिग्री से0 |
| न्यूनतम | : | 26 डिग्री से0 |
| सूर्योदय बुधवार | : | 5 : 47 |
| सूर्यास्त मंगलवार | : | 7 : 17 |

## मणिपुर : पांच जिलों में 155 हथियार; 1652 गोला-बारूद जब्त

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षाबलों ने पिछले कुछ दिनों में पहाड़ी जिलों चूड़चंद्रपुर, कांगपोकपी, फेरजावल, तेंगनौपाल और चंदेल में चलाए गए कई अभियानों के दौरान 155 हथियार और 1,652 गोला-बारूद बरामद किए हैं। पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ), असम राइफल्स और सेना की संयुक्त टीमों द्वारा खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए अभियान में ये हथियार बरामद किए गए।

#### इन हथियारों को किया गया बरामद

पुलिस के अनुसार, बरामद किए गए हथियारों में एके सीरीज की आठ राइफल, दो इंसास राइफल, चार कार्बाइन, एक एसएलआर, नौ एमएम की आठ पिस्तौल, 12 बोर की 14 बंदूक, सिंगल बोर की 21 बंदूक, 14 देशी पिस्तौल और अन्य राइफल शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार, इसके अलावा 31 पोम्पी (स्थानीय स्तर पर निर्मित मोर्टार), 39 आइईडी, 13 हथगोले और 1,600 से अधिक गोला-बारूद भी जब्त किया गया।

#### पांच उग्रवादी गिरफ्तार

सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व और थौबल जिलों से जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल तीन प्रतिबंधित संगठनों के पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। प्रतिबंधित कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी के तीन सक्रिय सदस्यों को रविवार को इंफाल पूर्व जिले से गिरफ्तार किया गया।

### कार्रवाई

### एअर इंडिया के आडिट के दौरान डीजीसीए ने पाया कि आपातकालीन स्लाइड की जांच समय पर नहीं की गई थी

## एअर इंडिया : आपातकालीन स्लाइड जांच में लापरवाही पर कार्रवाई शुरू

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री मुरलीधर मोहाल ने संसद को बताया कि नागरिक उड्डयन नियामक डीजीसीए ने एअर इंडिया के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है, क्योंकि एक विमान की आपातकालीन स्लाइड की जांच समय पर नहीं की गई थी। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री ने सोमवार को राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि एअर इंडिया के आडिट के दौरान डीजीसीए ने पाया कि आपातकालीन स्लाइड की जांच समय पर नहीं की गई थी। डीजीसीए ने तुरंत विमान को ग्राउंड कर दिया जब तक आवश्यक सुधार नहीं किया गया। डीजीसीए ने एअर इंडिया और जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ प्रवर्तन नीति और प्रक्रिया मैनुअल के अनुसार कार्रवाई शुरू की है।

उन्होंने बताया कि विशिष्ट विवरण जैसे कि ऑडिट कब किया गया और कार्रवाई कब शुरू की गई इसको उजागर नहीं किया गया है। द्रमुक सदस्य तिरुचि शिवा के प्रश्न का उत्तर देते हुए केंद्रीय मंत्री मुरलीधर मोहाल ने यह जानकारी दी।

उनसे पूछा गया था कि क्या सरकार को पता है कि जून में दुर्घटनाग्रस्त हुए एआइ 171 एअर इंडिया की ओर से संचालित विमान दुर्घटना से पहले के हफ्तों में उन्हें अनिवार्य सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन करते हुए आपातकालीन स्लाइड की जांच के बिना उड़ान भरने की अनुमति दी गई थी।





सदस्य ने यह भी जानना चाहा कि क्या डीजीसीए पर नियामक निगरानी में विफलता के लिए जिम्मेदारी तय की गई है? हाल के समय में एअर इंडिया विभिन्न लापरवाहियों के लिए डीजीसीए की जांच के दायरे में आ गई है।

#### एयरलाइनों की निगरानी

उन्होंने कहा कि डीजीसीए एयरलाइनों और उनके कर्मचारियों की निगरानी, स्पॉट चेक और रात की निगरानी के माध्यम से सभी सुरक्षा और रखरखाव मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करता है। उल्लंघन की स्थिति में डीजीसीए प्रवर्तन नीति और प्रक्रिया मैनुअल में निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार कार्रवाई करता है। प्रवर्तन कार्रवाई में एयरलाइनों/कर्मचारियों पर चेतावनी, निलंबन, रद्दीकरण और वित्तीय दंड का आरोपण शामिल है। डीजीसीए के अधिकारी निगरानी और प्रवर्तन कार्य को करने के लिए अच्छी तरह से प्रशिक्षित हैं।

#### 12 हेलीकाप्टर दुर्घटनाएं

सरकार ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में 12 पंजीकृत हेलीकाप्टरों की दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें 30 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से सात उत्तराखंड में हुईं। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहाल ने राज्यसभा में बताया कि डीजीसीए ने चारधाम यात्रा के लिए हेलीकाप्टर संचालन की अतिरिक्त निगरानी और सुरक्षा आडिट शुरू किया है। इनमें से सात उत्तराखंड में, चार महाराष्ट्र में और एक छत्तीसगढ़ में हुई।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्ध नगर
मंगलवार 29 जुलाई 2025
Www.vishalindia.in

# संपादकीय

## किसी छात्र की आत्महत्या हमारी शिक्षा व्यवस्था की संस्थागत विफलता ही है



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

आज के समय में, जब हम शिक्षा को समाज के विकास का आधार मानते हैं, तब यह विडंबना ही है कि हमारी शिक्षा व्यवस्था स्वयं उन छात्रों के लिए संकट का कारण बन रही है, जिन्हें यह सशक्त करने का दावा करती है। किसी छात्र की आत्महत्या केवल एक व्यक्तिगत त्रासदी नहीं है, बल्कि यह हमारी शिक्षा व्यवस्था की गहरी और संस्थागत विफलताओं का दर्पण है। यह एक ऐसा दुखद संकेत है जो हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि हमारी प्रणाली कहां और कैसे असफल हो रही है।

शिक्षा, जो ज्ञान, आत्मविश्वास और भविष्य के निर्माण का माध्यम होनी चाहिए, आज कई छात्रों के लिए तनाव, दबाव और निराशा का पर्याय बन गई है। इसका कारण हमारी शिक्षा व्यवस्था का वह ढांचा है, जो अंधी प्रतिस्पर्धा, अत्यधिक अपेक्षाओं और एकसमान मूल्यांकन प्रणाली पर आधारित है। आज का छात्र न केवल स्कूल या कॉलेज के पाठ्यक्रम से जूझता है, बल्कि सामाजिक, पारिवारिक और व्यक्तिगत दबावों के बीच भी संतुलन बनाने की कोशिश करता है। इस दबाव में, जब वह असफलता का सामना करता है या अपनी अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर पाता, तो वह मानसिक रूप से टूट जाता है।

हमारी शिक्षा प्रणाली का सबसे बड़ा दोष यह है कि यह हर छात्र को एक ही पैमाने पर मापती है। प्रत्येक बच्चे की अपनी रुचियां, क्षमताएं और गति होती है, लेकिन हमारी व्यवस्था में व्यक्तिगत भिन्नताओं के लिए कोई स्थान नहीं है। बोर्ड परीक्षाओं, प्रवेश परीक्षाओं और रैंकिंग प्रणाली ने शिक्षा को एक दौड़ में बदल दिया है, जहां केवल कुछ ही विजेता बन पाते हैं और बाकी को हारा हुआ महसूस होता है। यह व्यवस्था छात्रों को आत्ममूल्यांकन और आत्मविश्वास की बजाय दूसरों से तुलना करने के लिए प्रेरित करती है। परिणामस्वरूप, असफलता का डर और सामाजिक अपमान का भय उन्हें आत्मघाती कदम उठाने की ओर ले जाता है।

इसके अतिरिक्त, मानसिक स्वास्थ्य के प्रति हमारी शिक्षा व्यवस्था की उदासीनता भी इस समस्या को और गहरा करती है। स्कूलों और कॉलेजों में काउंसलिंग सेवाएं या तो उपलब्ध नहीं होतीं या फिर उनकी गुणवत्ता इतनी खराब होती है कि वे प्रभावी साबित नहीं होतीं। शिक्षक और प्रशासक अक्सर छात्रों के मानसिक तनाव को समझने में असमर्थ रहते हैं, क्योंकि उनकी प्राथमिकता पाठ्यक्रम पूरा करने और परीक्षा परिणामों पर केंद्रित रहती है। माता-पिता भी, अनजाने में ही सही, अपने बच्चों पर उच्च अकादमिक प्रदर्शन का दबाव डालते हैं, जिससे बच्चे अपनी भावनाओं को व्यक्त करने में हिचकते हैं।

इस समस्या का समाधान शिक्षा व्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन की मांग करता है। हमें ऐसी प्रणाली की आवश्यकता है जो छात्रों को उनकी रुचियों और क्षमताओं के आधार पर विकसित होने का अवसर दे। शिक्षा को केवल अंकों और डिग्रियों तक सीमित करने की बजाय, इसे जीवन कौशल, रचनात्मकता और भावनात्मक बुद्धिमत्ता को बढ़ावा देने का माध्यम बनाना होगा। स्कूलों और कॉलेजों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को अनिवार्य करना, शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और माता-पिता को बच्चों के साथ खुला संवाद स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना आवश्यक है।

अंत में, किसी छात्र की आत्महत्या केवल उसकी व्यक्तिगत हार नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक असफलता है। यह हमारी शिक्षा व्यवस्था की उस कठोरता और असंवेदनशीलता का परिणाम है, जो बच्चों को जीने की प्रेरणा देने की बजाय उन्हें निराशा के गर्त में धकेल देती है। यदि हम वास्तव में अपने भविष्य को सुरक्षित करना चाहते हैं, तो हमें अपनी शिक्षा प्रणाली को मानवीय, समावेशी और संवेदनशील बनाना होगा। तभी हम यह सुनिश्चित कर पाएंगे कि कोई भी बच्चा इस व्यवस्था के दबाव में अपनी जिंदगी को समाप्त करने का निर्णय न ले।

## तकनीक और छंटनी

पिछले कुछ वर्षों में भारत में बड़े पैमाने पर होने वाले तकनीकी परिवर्तनों के प्रति खासा उत्साह देखा गया है। देश में सामाजिक व आर्थिक स्तर पर तेजी से डिजिटल परिवर्तन को जनसाधारण ने भी उत्साह के साथ अंगीकार किया है। इस उम्मीद के साथ कि बदलते वक्त के साथ कदमताल करना अपरिहार्य है। आकांक्षा यह भी कि तकनीकी बदलाव के दौर में दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश में रोजगार के नये अवसर भी सृजित हों। ऐसे परिदृश्य में देश की प्रतिष्ठित मानी जाने वाली टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज यानी टीसीएस द्वारा बारह हजार से अधिक कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा एक परेशान करने वाला घटनाक्रम है। यह संख्या संस्था के कुल कार्यबल का दो फीसदी बैठता है। निस्संदेह, छंटनी का यह फैसला आईटी क्षेत्र में आसन्न संकट की आहट को ही दर्शाता है। कहा जा रहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से प्रेरित तकनीकी हस्तक्षेप और वैश्विक स्तर पर मांग को लेकर उत्पन्न अनिश्चितताओं के चलते भारत की प्रतिष्ठा का पर्याय रहा आईटी सेवा उद्योग संरचनात्मक बदलाव की ओर बढ़ रहा है। इस बाबत टीसीएस की दलील है कि इन नौकरियों में कटौती कौशल की कमी और अपने विकसित होते व्यावसायिक मॉडल में कुछ कर्मचारियों को फिर से नियुक्त करने में असमर्थता के चलते की गई है। हालांकि, कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का दावा है कि इस कदम के पीछे एआई से प्रेरित उत्पादकता वृद्धि नहीं है। उद्योग या बाजार की प्राथमिकताएं भी नहीं हैं। लेकिन मौजूदा समय में यह कदम लागत-अनुकूलन पहलों के चलते अन्य आईटी सेवा कंपनियों में भी छंटनी को बढ़ावा दे सकता है। इसमें दो राय नहीं कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता कारोबार के नियमों में मौलिक बदलाव के चलते, भविष्य के लिये तैयार रहना हर व्यावसायिक उद्यम के एजेंडे में सबसे ऊपर होगा। इस नई हकीकत को देखते हुए, एक सवाल सबसे ज्यादा विचलित करने वाला यह है कि यह तकनीकी बदलाव अनिवार्य रूप से कर्मचारियों की कीमत पर होना चाहिए?

बताया जाता है कि टीसीएस ने एआई को उन्नत करने और प्रशिक्षण में भारी निवेश किया है। इसके उपरांत बताया जा रहा है कि अब वह कई माध्यम से वरिष्ठ स्तर के कर्मचारियों को सेवा में बनाये रखने में असमर्थता जता रही है। यह मानना कि नई तकनीक के साथ संवेदनशील समायोजन हमेशा लाभदायक नहीं रहता, की सोच ने एक खतरे की घंटी बजा दी है। देश के बड़े व छोटे व्यवसायों द्वारा नए तकनीकी मॉडल को आंख बंद करके अपनाने से एक परेशान करने वाले परिदृश्य का खतरा सामने नजर आ रहा है। इन उद्योगों को चिंता है कि तकनीकी बदलाव की स्पर्धा के इस परिदृश्य में कहीं वे पीछे न रह जाएं। इस अनिश्चित समय में, एक उम्मीद की किरण, यदि कोई है, तो वह है भारत का पिछले कुछ वर्षों में बड़े पैमाने पर सफलता से तकनीकी परिवर्तन को स्वीकार करना। देश ने हर सामाजिक और आर्थिक स्तर पर तेजी से डिजिटल तकनीक को सहजता से स्वीकार किया है। एआई को अपनाने के लिये उसी तरह सार्वजनिक व निजी क्षेत्र के समर्थन-सहयोग की आवश्यकता है। सार रूप में कहें तो एक भारतीय दृष्टिकोण, जो मानव संसाधन और परिवर्तन के अनुकूल होने की उसकी क्षमता को महत्व देता है। निस्संदेह, भारत एआई के उपयोग के मामले में अमेरिका व यूरोप नहीं हो सकता। दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाले देश में बेरोजगारी का संकट किसी से छिपा नहीं है। देश में श्रमबल का कौशल विकास धीरे-धीरे गति पकड़ रहा है। सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों में आईटी पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने वाले छात्रों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है।

# मनसा का मातम: अफवाह बनी त्रासदी की वजह

ललित गर्ग




हरिद्वार के प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर में बिजली का तार टूटने और करंट फैलने की एक अफवाह ने कई जानें ले लीं, जिसने धार्मिक स्थलों पर भीड़ प्रबंधन की गंभीर खामियों को उजागर कर दिया है। किसी धार्मिक स्थल पर भगदड़ की यह पहली घटना नहीं, लेकिन अफसोस है कि पुरानी गलतियों से सबक नहीं लिया जा रहा। ऐसी त्रासद, विडम्बनापूर्ण एवं दुखद घटनाओं के लिये मन्दिर प्रशासन और सरकारी प्रशासन जिम्मेदार है, रविवार की सुबह एक बार फिर श्रद्धालुओं के लिये मौत का मातम बनी, चीख, पुकार और दर्द का मंजर बना। लगभग साढ़े आठ से नौ बजे के बीच हजारों श्रद्धालु संकीर्ण सीढ़ीदार मार्ग से मंदिर की ओर बढ़ रहे थे। जैसे ही अचानक करंट लगने की अफवाह ने अफरा-तफरी का माहौल बनाया, श्रद्धालु घबराहट में एक-दूसरे पर गिरने लगे और कुछ ही पलों में आठ लोगों की मौत हो गई जबकि करीब तीस श्रद्धालु घायल हो गए, जिनमें कई की हालत गंभीर थी। भगदड़ में लोगों की जो दुखद मृत्यु हुई, उसका दर्द समूचा देश महसूस कर रहा है। प्रश्न है कि पुलिस का बंदोबस्त कहां था? श्रद्धालुओं की मौत एक ऐसा दर्दनाक एवं खौफनाक वाकया है जो सुदीर्घ काल तक पीड़ित और परेशान करेगा। प्रशासन की लापरवाही, अत्यधिक भीड़, निकासी मार्गों की कमी और अव्यवस्थित प्रबंधन ने इस त्रासदी को जन्म दिया। यह घटना कोई अपवाद नहीं है, बल्कि हाल के वर्षों में दुनिया भर में सामने आई ऐसी घटनाओं की कड़ी का नया खौफनाक मामला है, जहां भीड़ नियंत्रण में चूक एवं प्रशासन एवं सत्ता का जनता के प्रति उदासीनता का गंभीर परिणाम एवं त्रासदी का ज्वलंत उदाहरण है। मनसा के मातम, हाहाकार एवं दर्दनाक मंजर ने राज्य की सुरक्षा व्यवस्था की पोल ही नहीं खोली बल्कि सत्ता एवं धार्मिक व्यवस्थाओं के अमानवीय चेहरे को भी बेनकाब किया है।

भारत में भीड़ से जुड़े हादसे आम लोगों के जीवन का ग्रास बनते रहे हैं। धार्मिक आयोजनों हो या खेल प्रतियोगिता, राजनीतिक रैली हो या सांस्कृतिक उत्सव लाखों लोगों को आकर्षित करते हैं, जहाँ भीड़ प्रबंधन की मामूली चूक भयावह त्रासदी में बदलते हुए देखी जाती रही है। उदाहरण के लिये, पिछले एक साल पर नजर दौड़ाएं तो इस तरह के कई दुखद हादसे हो चुके हैं। हाल ही में पुरी में भगदड़ जानलेवा साबित हुई। पिछले साल जुलाई में ही हाथरस में एक धार्मिक आयोजन में मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई थी। इस साल जनवरी की शुरुआत में तिरुपति मंदिर में टोकन लेने के लिए हद से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच गए और पुलिस उनको काबू नहीं कर सकी। भगदड़ मची तो 6 लोगों की जान चली गई। इसी साल, मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में और उसके बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भी हादसा हुआ। वर्ष 2013 में मध्य प्रदेश के रत्नागढ़ मंदिर में ढाँचागत कमियों से प्रेरित भगदड़ के कारण 115 लोगों की मौत हो गई थी।

भारत ही नहीं दुनिया में धार्मिक आयोजनों में भीड़ प्रबंधन हमेशा से बड़ी चुनौती बनता रहा है। वर्ष 2022 में दक्षिण कोरिया के इटावन हैलोवीन समारोह में अत्यधिक भीड़ के कारण 150 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। इसी तरह, वर्ष 2015 में मक्का में हज के दौरान मची भगदड़ में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी। आग, भूकंप, या आतंकी हमलों जैसी आपातकालीन स्थितियों में भी भीड़ प्रबंधन की पौल खुलती रही है। आखिर दुनिया के सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश में हम भीड़ प्रबंधन को लेकर इतने उदासीन क्यों है? बड़े आयोजनों-भीड़ के आयोजनों में भीड़ बाधाओं को दूर करने के लिए, भीड़ प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार, सुरक्षाकर्मियों को पर्याप्त प्रशिक्षण प्रदान करना, जन जागरूकता बढ़ाना और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करना अब नितान्त आवश्यक है। हर बार जांच, कठोर कार्रवाई करने, सबक सीखने की बातें की जाती हैं, लेकिन नतीजा के ढाक के तीन पात वाला है। न तो शासन-प्रशासन कोई सबक सीख रहा है और न ही आम जनता संयम एवं अनुशासन का परिचय देने की आवश्यकता समझ रही है। भगदड़ की घटनाओं का सिलसिला कायम रहने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की बदनामी भी होती है, क्योंकि इन घटनाओं से यही संदेश जाता है कि भारत का शासन-प्रशासन भगदड़ रोकने में पूरी तरह नाकाम है। सार्वजनिक स्थलों पर भगदड़ की घटनाएं दुनिया के अन्य देशों में भी होती है, लेकिन उतनी नहीं जितनी अपने देश में होती ही रहती हैं। क्या इस तरह की अफवाह को रोका नहीं जा सकता था? हमारा प्रशासन कोई अनुमान लगाने में इतना अक्षम क्यों है? क्या इसका कारण उसकी संवेदनहीनता है अथवा यह कि संबंधित अधिकारी यह जानते हैं कि कैसी भी घटना हो जाए, उनका कुछ नहीं बिगड़ने वाला। आखिर हम दुनिया के अन्य देशों से कोई सबक सीखने के लिए तैयार क्यों नहीं हैं? सबसे बड़ा सवाल है कि क्या धार्मिक स्थलों पर भीड़ प्रबंधन की कोई ठोस और वैज्ञानिक व्यवस्था है? मनसा देवी मंदिर की सीढ़ियां, संकरे रास्ते और अव्यवस्थित दुकानों के बीच का क्षेत्र लंबे समय से भीड़भाड़ के लिए जाना जाता है। फिर भी वहां कोई स्थायी सुरक्षा उपाय क्यों नहीं किए गए? अफवाह पर नियंत्रण के लिए कोई त्वरित सूचना तंत्र नहीं था, न ही भीड़ को दिशा देने के लिए पर्याप्त पुलिस बल या मार्गदर्शन की व्यवस्था थी। इस तरह की घटनाएं केवल अफवाह का परिणाम नहीं होतीं, बल्कि यह व्यवस्था की कमजोरियों एवं कोताही का परिणाम होती हैं। तीर्थस्थलों पर नियंत्रित प्रवेश, डिजिटल टिकटिंग, सीसीटीवी निगरानी, आपातकालीन निकासी मार्ग, और स्थानीय प्रशासन की सक्रिय मौजूदगी जैसी व्यवस्थाएं अनिवार्य होनी चाहिए। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि भगदड़ की घटनाएं लगभग वैसे ही कारणों से रह रहकर होती रहती हैं, जैसे पहले हो चुकी होती हैं।


मृतकों में उत्तर प्रदेश, बिहार और उत्तराखंड के लोग शामिल थे। उनमें छह वर्षीय बच्चा आरुष, किशोर और बुजुर्ग तक शामिल थे। उनके परिवारों पर अचानक दुख का पहाड़ टूट पड़ा। इस दौरान बचे हुए श्रद्धालुओं ने बताया कि भीड़ इतनी घनी थी कि सांस लेना भी मुश्किल हो रहा था। मनसा देवी मंदिर की यह घटना हमें याद दिलाती है कि भीड़ सिर्फ भक्ति का प्रतीक नहीं है, बल्कि अगर उसे सही दिशा और सुरक्षा नहीं दी जाए तो वह भयावह त्रासदी में बदल सकती है। यह समय है कि प्रशासन, मंदिर ट्रस्ट और समाज मिलकर ठोस कदम उठाएं ताकि आस्था के केंद्र जीवन के लिए खतरा न बनें। तमाम धार्मिक स्थलों पर फैली अव्यवस्था को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। फिसलन भरे रास्ते, संकरी जगह, आने-जाने का एक ही मार्ग जैसी बातें लगभग हर जगह देखने को मिल जाएंगी। ऐसे में जब किसी खास मौके पर भीड़ बढ़ती है तो स्वाभाविक ही हादसे की आशंका भी बढ़ जाती है, जैसा सावन पर मनसा देवी में हुआ। बेंगलुरु में आरसीबी के इवेंट में हुए हादसे के बाद कर्नाटक सरकार क्राउड कंट्रोल पर एक बिल लेकर आई है, जिसमें जिम्मेदारियां तय की गई हैं। ऐसे कानून की हर जगह जरूरत है। रेलवे स्टेशन, मंदिर और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ को संभालने के लिए पर्याप्त जगह और रास्ते नहीं हैं। कुछ स्थानों पर निकास मार्ग सीमित हैं या अनुपयुक्त हैं, जो भगदड़ का खतरा बढ़ाते हैं। भीड़ प्रबंधन के लिए पर्याप्त प्रशिक्षित एवं दक्ष सुरक्षाकर्मी नहीं हैं, जिससे सुरक्षा चूक होने की संभावना बढ़ जाती है। भीड़ प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकों, जैसे कि एआई आधारित निगरानी और ड्रोन कैमरे का उपयोग सीमित है।

लोगों को आपातकालीन निकास मार्गों, भीड़ नियंत्रण नियमों, और सुरक्षा उपायों के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं है। गलत सूचना या अचानक दहशत से भीड़ अनियंत्रित हो सकती है और भगदड़ मच सकती है।

भीड़ का व्यवहार कई बार अनियंत्रित हो जाता है, खासकर धार्मिक, खेल एवं सिनेमा आयोजनों में, जहां लोग भावनाओं में बहकर आगे निकलने की होड़ में लग जाते हैं। अच्छा यह होगा कि सरकारें भगदड़ की घटनाओं को लेकर प्रशासन को सच में जवाबदेह बनाना सीखें। इसके साथ ही आम लोगों को भी जापान जैसे देशों के लोगों से अनुशासन की सीख लेनी होगी।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3604



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

### काकुरो - 3603 का हल



## हंसी के फूव्वारें

तीन गप्पी ट्रेन में यात्रा करते हुए गप्पें हांक रहे थे. एक बोला-मैं आजमगढ़ का लखपति हूँ, दूसरा बोला-मैं शामगढ़ का करोड़पति हूँ, तीसरा बोला-भईया मैं तो सिर्फ अपनी पत्नी का पति हूँ.

□ □ □

मालिक: (नौकर से) तुमने पत्र-पेटिका में पत्र डाल दिया?
नौकर: नहीं हुजूर.
मालिक: क्यों नहीं डाला?
नौकर: कैसे डालता? हर पत्र-पेटिका पर ताला लगा था.

□ □ □

एक रोज बादशाह अकबर ने बीरबल से कहा, जिन लोगों के नाम के साथ वान हो होता है वो आमतौर पर अच्छे आदमी नहीं होते, मसलन पीलवान, दरवान, वगैरह वगैरह.

बीरबल ने फौरन जवाब दिया जी हां मेहरवान.

□ □ □

प्राध्यापक: कला से किसे-किसे प्यार है खड़े हो जायें. सारे के सारे विद्यार्थी खड़े हो गये. सिर्फ एक विद्यार्थी बैठा रहा.

प्राध्यापक बोले: तुम्हें कला से प्यार नहीं. विद्यार्थी ने उत्तर दिया, कला मेरी बहन का नाम है. मुझे तो सिर्फ कमला से प्यार है.

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3604



### बायें से दायें:-

१. 'तुम्हें और क्या' गीत वाली राजेंद्र कुमार, सायरा की फिल्म-२,३,१,२
६. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'मैं ने कहा फूलों से' गीत वाली फिल्म-२
७. 'दिल्ली की सर्दी' गीत वाली अजय देवगन, अभिषेक बच्चन, बिपाशा बसु की फिल्म-३
९. संजयदत्त, विवेक मुशरान, मनीषा कोइराला की 'आँखों में नींदें ना' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'मार ओडारी नी कुकिए' गीत वाली मनोज बाजपेयी, उर्मिला की फिल्म-३
१५. अजय देवगन, अमीषा की 'जो पल्लू गिरा दिया' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'मैं निकला गड्डी लेके' गीत वाली सनी देओल, अमीषा पटेल की फिल्म-३
१८. मनोजकुमार, आशा की 'लो आ गई उनकी' गीत वाली फिल्म-१,३
२१. 'कमसिन कली हूँ' गीत वाली नाना पाटेकर, पुरू राजकुमार, अनुपमा वर्मा की फिल्म-२
२५. 'पाप दी ग्रेट' में किशनकुमार के साथ नायिका कौन थी?-३
२६. 'छोड़ दे जवानी में' गीत वाली राजेश खन्ना, राखी की फिल्म-४
२७. कमल सदाना, दिव्या की 'दिल चीर के देख' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'एक लड़की दिल से गई' गीत वाली शरदकुमार, नंदा की फिल्म-२,२

### ऊपर से नीचे:-

१. सुनील, सुष्मिता, नम्रता की 'दोस्ती हो गई रे' गीत वाली फिल्म-३
२. 'बोल गोरी बोल' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
३. फिल्म 'बाबुल' में दिलीपकुमार के साथ नायिका कौन थी-३
४. 'यारा ओ यारा इश्क ने मारा' गीत वाली अमिताभ, मौसमी की फिल्म-३
५. धर्मेन्द्र, जीनत अमान की 'हम बेवफा हरगिज न थे' गीत वाली फिल्म-४
८. फिल्म 'शारदा' में राज कपूर के साथ नायिका कौंन थी?-२
१०. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की फिल्म-३
११. 'खोया है तूने जो' गीत वाली लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
१३. 'चिनाई चुन चुन' गीत वाली फिल्म-३
१४. फरदीन खान, उर्मिला की फिल्म-३
१५. वसंत चौधरी, मोतीलाल, साधना की 'ओ सजना बरखा बहार' गीत वाली फिल्म-३
१६. संजयदत्त, नम्रता शिरोडकर की 'मेरी दुनिया है' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'जीने की तमन्ना हो' गीत वाली फिल्म-३
२०. वी. शांताराम की 'आधा है चंद्रमा रात आधी' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'नाजुक सी कली थी' गीत वाली अजय, मनीषा, करिश्मा की फिल्म-४
२३. 'दिल जंगली कबूतर' गीतवाली फिल्म-३
२४. नवीन निश्चल, आशा की फिल्म-३
२७. फिल्म 'क्रोध' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3603



## सूडोकु -3604


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3603 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

## शब्द पहेली - 3604



### बाएँ से दाएँ

1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

### ऊपर से नीचे

1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टौंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

### शब्द पहेली -3603 का हल



# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास जम्मू-कश्मीर की कंपनी बनाएगी वेयरहाउस

## कंपनी 1000 करोड़ का निवेश करेगी, 250 लोगों को मिलेगा रोजगार

**नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण जेवर में बनने वाले नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास एक बड़ी लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग परियोजना के लिए रास्ता साफ़ कर दिया है। प्राधिकरण ने जम्मू-कश्मीर स्थित श्रीकात्यायनी मेटल प्राइवेट लिमिटेड को सेक्टर 8 में लॉजिस्टिक्स पार्क और वेयरहाउस के विकास के लिए 26 एकड़ ज़मीन आवंटित करने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट जारी किया। कयास लगाए गए है जम्मूकश्मीर की ये पहली कंपनी है जिसके साथ इतने बड़े निवेश को लेकर एलओआई जारी किया गया है।

यीडा के सीईओ आरके सिंह ने कहा कि कंपनी इस परियोजना में लगभग 1,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। यह कदम ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के आसपास कार्गो और लॉजिस्टिक्स बुनियादी




ढांचे को मजबूत करने की एक व्यापक रणनीति का हिस्सा है। यहां एक कार्गो हब भी निर्माणाधीन है। इस निवेश से करीब 250 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा।

### पहले दिन से शुरू होगी कार्गो

अधिकारियों ने कहा कि एयरपोर्ट के संचालन के पहले दिन से ही कार्गो उड़ानें संचालित होने की उम्मीद है। जिससे इस क्षेत्र में वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स सेवाओं की जोरदार मांग पैदा होगी।

श्रीकात्यायनी मेटल द्वारा प्रस्तावित वेयरहाउस इस मांग को पूरा करेगी। वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स पार्क दोनों ही कार्गो के उद्देश्य को पूरा करते हैं। कंपनियां आमतौर पर अपने माल को सुरक्षित रूप से संग्रहीत करने के लिए ऐसे पार्कों में किराये के आधार पर जगह किराए पर लेती हैं।

### एसएईएल बनाएगा मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट

गौरतलब है कि राज्य सरकार ने हाल ही में सेक्टर 8 में 200 एकड़ में एक सोलर प्लांट स्थापित करने की योजना को मंजूरी दी है। एसएईएल सोलर पी6 प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव में 5 गीगावाट सोलर सेल और 5 गीगावाट में सोलर मॉड्यूल की मैन्यूफैक्चरिंग क्षमता वाली एक इंटीग्रेटेड सुविधा का विकास शामिल है। इस परियोजना में लगभग 8,200 करोड़ रुपये का निवेश होने की उम्मीद है।

# ग्रेटर नोएडा में टायर चोर गिरोह से पुलिस की मुठभेड़

## पैर में गोली लगने से दो बदमाश घायल, टायर, हथियार और नकदी बरामद

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 थाना इलाके में टायर चोरों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। यह चोर कारों के टायर चुराते थे। जब पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो वो भागने लगे। जवाब में पुलिस ने पीछा किया।

एक स्विफ्ट कार में सवार चारों बदमाशों को पुलिस ने घेरने की कोशिश की, तो उन्होंने गाड़ी तेजी से मोड़ी, लेकिन कार डिवाइडर से टकरा गई। इसके बाद सभी चोर गाड़ी से उतरकर ग्रीन बेल्ट की तरफ भागने लगे और पुलिस पर फायरिंग कर दी।

पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें दो बदमाशों को गोली लग गई। उनकी पहचान मनोज (बदायूं) और अंकित (फिरोजाबाद) के रूप में हुई है। इनके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। बाकी दो बदमाश



राहुल (शाहजहांपुर) और मनीष (आगरा) को पुलिस ने थोड़ी देर बाद कॉम्बिंग करके पकड़ लिया। इनके पास से चोरी की गई चीजें मिलीं, जैसे 20 टायर (रिम के साथ), 10 अलॉय व्हील, 2 जैक, 1 टायर खोलने वाला लिवर और 4,200 रुपए नकद।

पुलिस के मुताबिक, ये बदमाश दिन में गलियों में घूमकर रेकी करते थे और रात में घरों के बाहर खड़ी गाड़ियों के टायर चोरी कर लेते थे। ये चुराए गए टायर अपनी गाड़ी में रखकर बेचते थे और पैसे कमाते थे। ये टायर 'जाकिर' और 'हर्ष' नाम के लोगों को बेचते थे। घायल बदमाशों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है और बाकी के खिलाफ भी आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# शार्ट न्यूज

## पानी की समस्या से परेशान लोगों का फूटा गुस्सा

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के म्यू 2 सेक्टर के शिव शक्ति अपार्टमेंट्स में काफी समय से पानी की परेशानी झेल रहे लोग रविवार रात एकजुट हो गए। गुस्साए लोग पंप स्टेशन पहुंचे और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। निवासियों ने धरना देते हुए भजन-कीर्तन शुरू कर दिया और साफ कहा कि जब तक खराब मोटर नहीं सुधरेगी, प्रदर्शन चलता रहेगा। दरअसल, काफी दिनों से पंप की एक मोटर खराब थी, जिसकी वजह से सिर्फ ग्राउंड फ्लोर तक ही पानी पहुंच रहा था। ऊपरी मंजिलों पर रहने वाले लोग पानी के लिए बेहद परेशान थे। लोगों ने कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जब रात को धरना शुरू हुआ, तब अधिकारियों ने तुरंत हरकत में आकर मोटर की मरम्मत करवाई। पानी की सप्लाई शुरू होते ही लोगों ने राहत की सांस ली, लेकिन साथ ही ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने मांग की कि ऐसे लापरवाह ठेकेदार को हटाया जाए।

## नोएडा के ट्रांसपोर्ट चौक को मॉडल करेंगे

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 67 स्थित ट्रांसपोर्ट नगर चौक का सौंदर्यीकरण और उसे मॉडल बनाया जाएगा। इसकी अनुमानित लागत 4 करोड़ रुपए है। इस परियोजना के डिजाइन को नोएडा प्राधिकरण के सीईओ से मंजूरी मिल गई है। इसका उद्देश्य चौराहे के आसपास के 500 मीटर के हिस्से को एक सुरक्षित, सुलभ और आकर्षक सार्वजनिक स्थान में बदलना है। डीएस रोड पर बनने वाले इस कॉरिडोर में ग्रीन बेल्ट और वॉकिंग ट्रैक बनाया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि सड़क के दोनों ओर ग्रीनरी विकसित की जाएगी और पूरे रास्ते में सजावटी लाइटिंग की जाएगी। इस योजना में दिव्यांगों के लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसमें म्यूरल, बेंच, बोलार्ड और रैम्प लगाया जाएगा। ग्रीन बेल्ट के बीच जल निकासी व्यवस्था होगी। गोल चक्कर के पास कियोस्क लगाए जाएंगे ताकि लोग यहां स्ट्रीट फूड का मजा ले सके। ओरियन आर्किटेक्ट्स ने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य एक ऐसी कंपलीट रोड बनाना है जो वाहन चालक, पैदल यात्रियों और साइकिल चालकों के लिए सुरक्षित हो।

## नोएडा पुलिस ने 50 हजार का इनामी पकड़ा

**नोएडा।** क्राइम ब्रांच और सेक्टर-63 थाना पुलिस ने जेवर में नोएडा एयरपोर्ट के पास जमीन बेचने के नाम पर तीन साल पहले 24 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में एक और आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक 23 लोगों के खिलाफ कार्रवाई हो चुकी है। क्राइम ब्रांच डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि आरोपी की पहचान रबूपुरा थाना क्षेत्र के मेंहदीपुर गांव निवासी अतह मोहम्मद के रूप में हुई। इस पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। आरोपी की गिरफ्तारी दनकौर थाना क्षेत्र के बबलू खेड़ा गांव से हुई है। आरोपी अतह मोहम्मद द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार किए थे। जमीन न मिलने पर पीड़ित पक्ष द्वारा रकम वापस मांगने पर आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई। इस मामले में अब तक 23 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इसमें से एक आरोपी विनीत कुमार गुप्ता की मुकदमा दर्ज होने से पहले मौत हो गई थी।

## ग्रेटर नोएडा में गहरे कुएं में गिरा गोवंश

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के अच्छेजा बुजुर्ग गांव के जंगल में सोमवार को एक गोवंश गहरे कुएं में गिर गया। सूचना मिलते ही गौसेवकों की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी मशीन की सहायता से गोवंश को सकुशल बाहर निकाला। गौसेवक त्रिलोक नागर ने बताया कि क्षेत्र के जंगलों में अधिकांश गहरे कुएं झाड़ियों में खुली अवस्था में हैं। इस कारण आए दिन गोवंश इनमें गिरते रहते हैं। कई मामलों में गोवंश की जान भी चली गई है। नागर ने प्राधिकरण के अधिकारियों से ऐसे खुले कुओं को कवर करने या उनकी दीवारों को ऊंचा करने की मांग की है। इस बचाव अभियान के दौरान रब्बन खटाना, बलराज खटाना, पीयूष खटाना, सुरेंद्र गुर्जर, अमित कुमार, सुंदर खटाना, अशोक, प्रवेश खटाना, देवेंद्र और जोगराज सहित अन्य गौरक्षक मौजूद रहे।

## इलेक्ट्रॉनिक दुकान में लगी आग

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में सोमवार सुबह एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आकर लगभग 12 लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया। दुकान के मालिक मदन सिंह को सुबह सूचना मिली कि उनकी दुकान से धुआं निकल रहा है। जब वे मौके पर पहुंचे तो देखा कि आग की लपटें बाहर तक फैल चुकी थीं। उन्होंने तुरंत दनकौर पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सौभाग्य से आग पास की अन्य दुकानों तक नहीं पहुंची, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई।कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि प्राथमिक जांच में आग का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट पाया गया है। पीड़ित दुकानदार का कहना है कि इस हादसे में उनका लगभग 12 लाख रुपये का सामान पूरी तरह नष्ट हो गया है।

## टॉय पार्क के आवंटियों से कार्ययोजना मांगी

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर-33 में विकसित हो रहे टॉय पार्क के आवंटियों के साथ सोमवार को सीईओ आरके सिंह ने बैठक की। आवंटियों की लीज डीड निस्तारण, कब्जा प्रमाणपत्र, नक्शा स्वीकृति तथा निर्माण कार्य संबंधी समस्याओं पर चर्चा की गई। सीईओ ने आवंटियों से कार्ययोजना मांगी। सीईओ को अवगत कराया गया कि वर्तमान में टॉय पार्क योजना में आवंटित कुल 140 भूखंडों के सापेक्ष 97 आवंटियों को चेकलिस्ट जारी की चुकी है, जिनमें से 84 आवंटियों द्वारा लीज डीड कराई जा चुकी है। क्लस्टर टॉय पार्क योजना केंद्र सरकार तथा प्रदेश सरकार की योजना है।इस दौरान सीईओ ने सभी आवंटियों को निर्देश दिए कि वह योजना ब्रोशर के नियमानुसार लीज डीड निष्पादन कराते हुए निर्धारित समय तक यूनिट को क्रियाशील करें। आवंटियों से दिनांकवार लीज डीड निष्पादन की तिथि, कब्जा प्राप्ति की तिथि व भवन मानचित्र की तिथि के साथ कार्ययोजना मांगी गई।

## पहली नीलामी में 31 आकर्षक नंबरों की लगी बोली

**नोएडा।** हल्के वाहनों की नई सीरीज यूपी 16एफबी के आकर्षक और अति आकर्षक नंबरों की पहली नीलामी के नतीजे सोमवार को जारी हो गए। नीलामी में 31 नंबरों की बोली लगी है। परिवहन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शाम छह बजे नीलामी के नतीजे जारी हुई है। वाहन मालिक परिवहन विभाग की वेबसाइट www.parivahan.gov.in पर नीलामी के नतीजे देख सकते हैं। इसमें एक, दो, पांच, छह, सात समेत अन्य नंबरों की बोली लगी है। बचे नंबरों के लिए मंगलवार से परिवहन विभाग की वेबसाइट पर फिर से पंजीकरण शुरू होंगे। चार दिन पंजीकरण के बाद उसके अगले तीन दिन तक नंबरों की बोली लगेगी।नतीजों के बाद जितने नंबर बचेंगे, उन्हें पहले आओ, पहले पाओ की तर्ज पर वाहन मालिक बुक कर सकेंगे। इसमें जो व्यक्ति पहले नंबर बुक कर लेगा, उसके वाहन के लिए पंजीकृत कर दिया जाएगा। नंबर के लिए निर्धारित आधार मूल्य वाहन मालिक को जमा करना होगा। वहीं सीरीज के सामान्य पसंदीदा नंबर भी लोग बुक कर सकते हैं।

## महिला की क्रेन से कुचलकर मौत

**नोएडा।** सेक्टर-62 मेट्रो स्टेशन के निकट बीते शुक्रवार दोपहर क्रेन से कुचलकर महिला की मौत हो गई। वह उस समय बेटी के साथ पैदल घर लौट रही थी। महिला के पिता ने क्रेन के चालक के खिलाफ सेक्टर-63 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। जिला सोनभद्र के वैरीहवा टोला निवासी दूधनाथ ने पुलिस को बताया कि बेटी तारा सेक्टर-63 के ए ब्लॉक में झुग्गी डालकर पांच बच्चों के साथ रहती थी। वह मजदूरी करके बच्चों का भरण-पोषण करती थी। तारा 25 जुलाई की दोपहर अपनी बेटी सुनैना के साथ काम करके घर वापस लौट रही थी। सेक्टर-62 मेट्रो स्टेशन के नीचे से सड़क पार करते समय क्रेन के चालक ने उसे टक्कर मार दी।टक्कर लगते ही तारा सड़क पर गिर गई और क्रेन ने उसे कुचल दिया। गंभीर हालत में उसे दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# बिसरख में मुठभेड़ के दौरान शातिर बदमाश घायल

## तमंचा, चोरी की बाइक और मोबाइल बरामद, डेढ़ दर्जन मुकदमों में था वांछित

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना इलाके में पुलिस और एक बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान बदमाश के पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया।

पुलिस टीम चार मूर्ति से सूरजपुर रोड पर चेकिंग कर रही थी। तभी एक मोटरसाइकिल सवार आया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन वह भागने लगा और सर्विस रोड की तरफ मुड़ गया।

पुलिस ने उसका पीछा किया। नर्सरी कट तिराहे के पास बाइक फिसल गई और बदमाश गिर पड़ा। खुद को घिरता देख उसने पुलिस पर गोली चला दी। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें बदमाश घायल हो गया।

संदिग्ध होने पर पुलिस टीम ने उसका पीछा किया। नर्सरी कट तिराहे के पास उसकी मोटरसाइकिल बेकाबू होकर गिर गई। बदमाश ने खुद को घिरता देख पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की जिसमें बदमाश घायल हो गया।

घायल बदमाश की पहचान पवन निवासी ग्राम जलाली, थाना हरदुआगंज, अलीगढ़ के रूप में हुई है। उसके कब्जे से तमंचा, कारतूस और चोरी की मोटरसाइकिल स्प्लेंडर बरामद हुई है। इसके अलावा चोरी का एक मोबाइल फोन और 5000 रुपए नगद भी मिले हैं। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

बिसरख पुलिस ने बताया कि पवन एक शातिर अपराधी है। उस पर डेढ़ दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। वह लूट और चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। पुलिस उसके अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है।

# नोएडा में भंगेल एलिवेटेड का काम पूरा

## 15 अगस्त के बाद लोग कर सकेंगे आवाजाही, लूप और नीचे भी बनेगी सड़क

**नोएडा।** नोएडा में दादरी-सूरजपुर-छलेरा (डीएससी) रोड पर बन रहे भंगेल एलिवेटेड रोड के काम पूरा हो चुका है। सोमवार के इसके सरफेस पर 50 मीटर का बिटुमिन होना था इसे भी पूरा कर लिया गया। लाइटिंग और दोनों एंट्री और एक्जिट पाइंट पर सौंदर्यीकरण का काम होगा। सीईओ लोकेश एम ने बताया कि 15 अगस्त के बाद ही इस एलिवेटेड रोड को लोगों के लिए खोला जाएगा। इस रोड के शुरू होने से नोएडा ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस वे पर ट्रैफिक भार कम होगा।

ऊपर से वाहनों की आवाजाही होने के बाद ही एलिवेटेड के नीचे रोड बनाने का काम शुरू होगा। इसके अलावा एलिवेटेड पर चढ़ने व उतरने के लिए दो-दो लूप बनाने के लिए टेंडर जारी किया जाएगा।

लूप बनाने का काम छह महीने में पूरा होगा। एसीईओ संजय खत्री ने बताया कि लूप का निर्माण इसके साथ शुरू



करवाने से एलिवेटेड का ऊपरी काम रुक जाता। यातायात को ध्यान में रखते हुए ही पहले एलिवेटेड को शुरू कराया जाएगा। इसके बाद लूप का निर्माण शुरू करेंगे।

### 608 करोड़ रुपए किए जा रहे खर्च

यह परियोजना पहले से ही करीब तीन साल देरी से चल रही है। निर्माण में 608 करोड रुपए खर्च किए जा रहे है। यह एलिवेटेड रोड सेक्टर-41 अगाहपुर से फेज-टू के गंदे नाले के पास तक है। इसका काम जून 2020 में शुरू किया गया था। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि एलिवेटेड रोड का निर्माण पूरा हो चुका है। एलिवेटेड के प्रत्येक कर्व पर कवरिंग शीट भी लगाई जाएगी। रोड पर दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

### लूप के लिए जारी होंगे टेंडर

इस एलिवेटेड रोड के लिए सेक्टर-49-107 चौराहे पर दोनों ओर दो-दो लूप बनाया जाना प्रस्तावित है। सेक्टर-37 से आकर सेवन एक्स सेक्टरों की ओर जाने के लिए हनुमान मूर्ति के पास लूप उतरेगा।

इसी तरह सेवन एक्स से फेज टू की ओर से सूरजपुर की ओर जाने वालों के लिए लूप चढ़ाया जाएगा। इसके दूसरी तरफ सेक्टर-107 की ओर चढ़ने-उतरने के लिए लूप बनाए जाएंगे।

### भंगेल एलिवेटेड एक नजर

डीएससी रास्ते पर अगाहपुर पेट्रोल पंप से एलईजेड तक करीब 4.5 किमी लंबी एलिवेटेड है।

इसके निर्माण में करीब 608.81 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है।

इसका निर्माण पूरा किया जा चुका है।

अप्रैल 2025 की इसकी डेडलाइन है।

हालांकि अभी इसमें समय लगेगा।

इसके निर्माण के बाद एलिवेटेड पर लूप बनाए जाएंगे इसके लिए अलग से टेंडर जारी होगा।

# ग्रेटर नोएडा में पिता ने बेटी को मारकर सुसाइड किया

## दोनों साथ फैक्ट्री में काम करते थे, अफेयर के चक्कर में वारदात की

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में पिता ने बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी। फिर उसी कमरे में फंदे पर लटक कर जान दे दी। दूसरे कमरे में सोए मां-बेटे सुबह जब बेटी के कमरे में गए, तब घटना का पता चला। परिजनों की चीख-पुकार से पड़ोसी मौके पर पहुंचे।

लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच की। पुलिस परिजनों और पड़ोसियों से पूछताछ कर रही है। पिता ने अफेयर की वजह से बेटी की जान ली है। मामला सोमवार सुबह का कासना थाना क्षेत्र के सिरसा


संजना, मृतक बेटी — अशोक कुमार, मृतक पिता

के नई कॉलोनी का है। नई कॉलोनी में अशोक कुमार अपनी पत्नी और बेटा, बेटी के साथ खुद के मकान में रहते थे। अशोक और संजना (22) एक ही फैक्ट्री में काम करते थे। परिजनों ने बताया- अशोक कुमार को अपनी बेटी संजना के ऊपर शक था। संजना फैक्ट्री में ही काम करने वाले किसी लड़के से बात करती थी। अशोक को लगता था कि उसका उस लड़के से प्रेम-प्रसंग चल रहा है। इस बात को लेकर अशोक टेंशन में रहता था।

संजना के भाई ने बताया- 27 जुलाई की रात को हम सब लोगों ने एक साथ खाना खाया था। हमें नहीं पता था कि ऐसा कुछ होगा। हम और मां छत पर सोने चले गए थे। दीदी और पापा कमरे में सो रहे थे। जब सुबह उठकर मैं और मां नीचे आए तो कमरे में पापा फंदे पर लटके मिले। जबकि दीदी की लाश जमीन पर पड़ी थी। पुलिस घटना के सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार ने बताया- कल सुबह डायल-112 पर एक व्यक्ति के सुसाइड करने की सूचना मिली। जिसके बाद कासना थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर अशोक कुमार (पुत्र पातीराम, निवासी वाजिदपुर, आगरा) का शव फंदे पर लटका मिला। जबकि उनकी बेटी संजना का शव पास ही पड़ा हुआ था।

शुरुआती जांच और परिजनों से पूछताछ में सामने आया है कि अशोक ने प्रेम-प्रसंग के चक्कर में बेटी की हत्या की है। फिलहाल पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की असल वजह का पता चल पाएगा।

# ग्रेटर नोएडा में पुलिस- बदमाश मुठभेड़

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की थाना सूरजपुर पुलिस और एक बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया।

सूरजपुर पुलिस मोजर बीयर गोलचक्कर के पास सर्विस रोड पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति आता दिखाई दिया।

पुलिस ने संदिग्ध होने पर उसे रुकने का इशारा किया। इस पर मोटरसाइकिल सवार ने अपनी बाइक मोड़कर रेलवे लाइन के किनारे कच्चे-पक्के रास्ते पर भागने लगा।

पुलिस टीम ने जब उसका पीछा किया तो बदमाश ने खुद को घिरता देख पेड़ और झाड़ियों की आड़ लेकर पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान रिपन दास के रूप में हुई है। वह रुनु चंद्रदास का पुत्र है और ग्राम बुनैतपुर, थाना बंसीहारी, जिला दक्षिणी दिनाजपुर (पश्चिमी बंगाल) का रहने वाला है। वर्तमान में वह निठारी सेक्टर-31 नोएडा, थाना सेक्टर-20 गौतमबुद्धनगर में रहता है। उसकी उम्र लगभग 30 वर्ष है।

घायल अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा, एक खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त चोरी की मोटरसाइकिल भी बिना नंबर प्लेट के बरामद की गई है। अभियुक्त के विरुद्ध विभिन्न थानों में मामले दर्ज हैं, जिनकी जानकारी जुटाई जा रही है।

# नोएडा पुलिस की तीन लुटेरों से मुठभेड़

## दो बदमाश के पैर में लगी गोली, एक को कांबिंग के दौरान पकड़ा

**नोएडा।** नोएडा पुलिस की अलग-अलग थाना क्षेत्र में तीन बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। इसमें दो बदमाशों को गोली लगी। एक बदमाश को कांबिंग के दौरान पकड़ा गया। ये मुठभेड़ थाना फेज-2 और सेक्टर-24 थाना क्षेत्र में हुई।

### थाना फेज-2 पुलिस ने दो बदमाशों को पकड़ा

थाना फेस-2 पुलिस नया गांव तिराहे पर चेकिंग कर रही थी। सामने से एक बाइक पर 02 व्यक्ति आते दिखाई दिए। पुलिस टीम ने बाइक सवार को रुकने का इशारा किया। बाइक सवार व्यक्ति तेजी मोड़कर निम्मी विहार की तरफ भगाने लगे। संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम ने करीब 700 मीटर तक पीछा किया। अपने को घिरता देख बाइक छोड़कर भागने का प्रयास करने लगे।

चारों तरफ से पुलिस टीम को आता देख बदमाशों ने पुलिस पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया। पुलिस टीम ने जवाबी फायर किया। एक बदमाश के पैर में गोली लगी।

वो घायल हो गया और जमीन पर गिर गया। घायल बदमाश की पहचान रोशन पुत्र जीरेन निवासी गुमला (झारखण्ड) वर्तमान पता भंगेल थाना फेस-2 हुई। बदमाश की उम्र करीब 25 साल है। घायल बदमाश के कब्जे से एक तमंचा बरामद किया गया। दूसरे बदमाश को पुलिस कांबिंग के दौरान पकड़ा गया।

# अमीर बनने का लालच देकर ठगी करने वाले 8 गिरफ्तार

## आर्मी से वीआरएस लेकर क्यूनेट कंपनी के नाम पर करते थे फ्रॉड





**गौतम बुद्ध नगर।** ईकोटेक-1 थाना पुलिस ने कम समय में अमीर बनने का लालच देकर आम लोगों से ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस गिरोह के 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के कब्जे से एप्पल कंपनी के 10 लैपटॉप, 13 मोबाइल फोन और 5 टैबलेट बरामद किए गए हैं। इसके अलावा 30 एटीएम कार्ड, एक करोड़ रुपए का चेक, 4 लग्जरी गाड़ियां और एक स्विफ्ट कार भी जब्त की गई है। कुल मिलाकर आरोपियों से 25 से 30 लाख रुपये का माल बरामद हुआ है।

मामला तब सामने आया जब ईकोटेक-1 थाना क्षेत्र में रहने वाले एक आर्मी कर्मी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों ने QNET/VIHAAN नाम की कंपनी के जरिए उनके साथ ठगी की है। आरोपियों ने कम पैसे लगाकर मोटा मुनाफा कमाने और कुछ ही दिनों में करोड़पति बनने का लालच दिया था। आरोपियों ने पीड़ित को बताया था कि कंपनी में निवेश करने पर एप्पल के लैपटॉप, घड़ियां और विदेश घूमने का पैकेज मिलेगा। इस झांसे में आकर पीड़ित ने साढ़े तीन लाख रुपए का निवेश कर दिया। लेकिन उसे न तो कोई गिफ्ट मिला और न ही मुनाफा हुआ।

शिकायत मिलते ही पुलिस ने तत्काल टीम गठित की और आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में पश्चिम बंगाल के विधान डागर, कौशिक डागर, गणेश बेरा और तापस धारा, झारखंड के सतीश शाब, गुजरात के कल्पेश राजू, लुधियाना के गुरविंदर सिंह और पंजाब के गुरदीप सिंह शामिल हैं। जांच में पता चला है कि ये सभी आरोपी आर्मी से वीआरएस लेने के बाद इस कंपनी से जुड़े थे और लोगों को ठगने का काम कर रहे थे।

पीलीभीत में घटिया सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार

# राज्यपाल के आदेश पर अपर मुख्य अधिकारी समेत तीन अफसर निलंबित

**पीलीभीत।** पीलीभीत में जिला पंचायत के निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण मामले में राज्यपाल ने सख्त कार्रवाई की है। राज्यपाल के निर्देश पर पीलीभीत जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी हरमीक सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

यह कार्रवाई चांदुइया मार्ग पर हुए घटिया निर्माण और उसमें पाई गई अनियमितताओं के आधार पर की गई है। अपर मुख्य अधिकारी के अलावा,




जिला पंचायत की इंजीनियर कल्पना और अवर अभियंता गोपाल को भी निलंबित किया गया है।

जांच में पाया गया कि तीनों अधिकारी निर्माण कार्य की निगरानी में लापरवाह थे। निर्माण मानकों की खुली अनदेखी की गई थी।

चांदुइया मार्ग पर कुछ ही समय पहले निर्माण कार्य पूरा हुआ था। लेकिन कुछ ही सप्ताह में सड़क में दरारें और गड्ढे दिखने लगे।

स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की थी। जांच में सामने आया कि निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया। इससे सरकार को आर्थिक नुकसान हुआ और जनता को खराब सुविधाएं मिलीं। इस मामले में ठेकेदार को जिला पंचायत के जूनियर इंजीनियर और अन्य अधिकारियों ने मिलकर संरक्षण दिया था। राज्यपाल ने प्रकरण की गंभीरता देखते हुए दोषी अफसरों को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए।

साथ ही, घटिया निर्माण कराने वाले ठेकेदार पर भी एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए गए हैं। उसके अन्य निर्माण कार्यों की भी जांच होगी।

# गंगा स्नान के दौरान युवक की डूबकर मौत, गांव में पसरा मातम

**हरिनारायण यादव विशाल इंडिया**

**गाजीपुर।** जमानियां कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बलुआ गंगा तट पर सोमवार को स्नान के दौरान एक युवक की डूबकर मौत हो गई।

मृतक की पहचान बिहार के कैमूर जिले के कर्मा थाना क्षेत्र निवासी दीपक उर्फ गुड्डू पासवान (32) के रूप में हुई है। सावन के तीसरे सोमवार को वह मंदिर में जलाभिषेक करने के उद्देश्य से गंगा स्नान करने अपने दोस्तों के साथ बलुआ घाट आया था। गंगा में स्नान करते समय दीपक का अचानक पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया।

युवक को डूबता देख घाट पर अफरातफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन वह पानी में समा गया।

सूचना पाकर कोतवाली पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों तथा मछुआरों की मदद से युवक की तलाश शुरू की गई। लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद युवक को गंगा से बाहर निकाला गया और तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के दोस्तों द्वारा बताए गए पते के आधार पर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी।

## शार्ट न्यूज

### 54 लाख की हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**हरिनारायण यादव विशाल इंडिया**

**गाजीपुर।** कोतवाली पुलिस और एएनटीएफ ऑपरेशनल यूनिट लखनऊ की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तस्कर के पास से 540 ग्राम मारफीन (हेरोइन) बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 54 लाख रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अरशद पुत्र कमरुद्दीन, निवासी नईसड़क, काजीपुराकला थाना दशाश्वमेध, कमिश्नरेट वाराणसी के रूप में हुई है। फिलहाल वह महुआबाग, गाजीपुर में रह रहा था। पुलिस ने उसे महुआबाग हेड पोस्ट ऑफिस के पास से गिरफ्तार किया। उसके पास से एक कीपैड सैमसंग मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है। यह कार्रवाई अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ थाना कोतवाली में मु.अ.सं. 566/25 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### तीन वारंटियों को किया गिरफ्तार

**ललितपुर।** सौजना पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है, आरोपीयों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एंव क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में थाना सौजना पुलिस द्वारा थाना सौजना पर पंजीकृत मु0न0 856/21 अभियोग के अभि0 पन्चू उर्फ प्रमोद पुत्र पप्पू उर्फ रामचरन उम्र करीब 35 वर्ष, सुखपाल उर्फ सुनील पुत्र पप्पू उर्फ रामचरन उम्र करीब 25 वर्ष हल्के पुत्र गनेशा उम्र करीब 42 वर्ष समस्त निवासी गण मजरा भरतपुर ग्राम व थाना सौजना ललितपुर को गिरफ्तार किया गया। वारण्टीगण उपरोक्त को गिरफ्तार कर नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम थानाध्यक्ष पारुल सिहं उ. नि. भूपेन्द्र कुमार हे. का. नीरज कुमार का. अंकित पटेल आदि शामिल रहे।

### पति-पत्नी के विवाद में बच्चे की मौत

**कानपुर।** कानपुर के सेन इलाके में पति-पत्नी के बीच विवाद के दौरान एक पिता द्वारा अपने बच्चे को जमीन पर पटकने से उसकी मौत हो गई। पत्नी दीक्षा सैनी ने सोमवार को सेन पश्चिम पारा थाने में पहुंचकर अपने पति मनोज सैनी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। दीक्षा ने अपनी शिकायत में बताया कि उनकी शादी 10 फरवरी 2021 को मनोज सैनी से हुई थी। शादी के बाद से ही मनोज उन्हें प्रताड़ित करता था। इस दौरान उनका एक बेटा हुआ जिसका नाम स्वस्तिक रखा गया। बच्चा जन्म से ही बीमार रहता था लेकिन मनोज उसका इलाज नहीं कराता था। गुरुवार को जब बच्चे को बुखार था और दीक्षा ने इलाज कराने की बात कही, तो मनोज ने उसे गालियां दीं और मारपीट की। आरोप है कि मनोज ने बच्चे को छीनकर कहा, न रहेगा बच्चा और न रहेगी बीमारी। यह कह कर उसे जमीन पर पटक दिया। बच्चे की हालत बिगड़ने के बावजूद इलाज नहीं कराया गया और दीक्षा को कमरे में बंद कर दिया गया। दीक्षा किसी तरह बच्चे को लेकर अस्पताल भागी और अपने मायके वालों को सूचना दी। इलाज के दौरान 25 जुलाई को रात 9 बजे सिर में आई चोटों के कारण स्वस्तिक की मौत हो गई।

### सहारनपुर में थार और ट्रैक्टर की टक्कर

**सहारनपुर।** सहारनपुर में सोमवार शाम को स्टेट हाईवे पर चौधरी पेट्रोल पंप के सामने एक हादसा हो गया। मेरठ की ओर से आ रही तेज रफ्तार थार जीप ट्रैक्टर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि थार सड़क किनारे गहरे खड्डे में जा गिरी। हादसे में थार में सवार तीन छात्र और एक शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान बीपीईएस के छात्र आकाश की मौत हो गई। घायलों को बाहर निकालने के लिए राहगीरों ने काफी प्रयास किया। सभी घायलों को पहले सीएचसी पहुंचाया गया। वहां से हालत नाजुक देखकर जिला अस्पताल रेफर किया गया। हादसे में घायल अन्य दो छात्रों की पहचान बीकॉम के छात्र गौरव और शिक्षक भूपेंद्र सिंह के रूप में हुई है। सभी उमाही स्थित आईआईएमटी कॉलेज से संबंधित हैं। वे सोमवार सुबह मार्कशीट संबंधी कार्य के लिए चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी, मेरठ गए थे। शाम को वापस लौटते समय हादसे का शिकार हो गए। थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद सिंह ने बताया कि आकाश के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है।

### मथुरा में गन्ना के खेत में मिला नर कंकाल

मथुरा। मथुरा के मांट थाना क्षेत्र के पिपरौली गांव के पास गन्ना खेत में एक नर कंकाल मिलने से सनसनी फैल गई। सोमवार को चोकड़ा गांव निवासी पप्पू सिंह ने डायल 112 पर सूचना दी। उन्होंने बताया कि यमुना एक्सप्रेस-वे के सर्विस रोड के पास स्थित उनके खेत में एक नर कंकाल पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही मांट थाना प्रभारी जसबीर सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार खेत में मिला कंकाल काफी पुराना प्रतीत होता है। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। शव पर काले रंग की लोअर थी। इस लोअर पर अंग्रेजी में सफेद अक्षरों से प्रेम लिखा हुआ था। पुलिस ने मौके पर फील्ड यूनिट को बुलाकर साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस अब आसपास के क्षेत्रों से गुमशुदगी की रिपोर्टों की जांच कर रही है। इससे मृतक की पहचान करने में मदद मिल सकती है।

### बंदर के हमले से महिला छत से गिरी, मौत

**संभल।** संभल के चंदौसी तहसील के बहजोई कोतवाली क्षेत्र के गांव विशारु में सोमवार को एक दुखद घटना सामने आई। 35 वर्षीय लौंग श्री, जो तोताराम की पत्नी थीं, अपने घर की छत पर कपड़े सुखा रही थीं। इस दौरान एक बंदर कपड़े लेकर भागने लगा। जब महिला ने बंदर से कपड़े छुड़ाने का प्रयास किया, तो बंदर ने उस पर हमला कर दिया। इस हमले के कारण महिला छत से अपने घर के आंगन में गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे। परिजन घायल महिला को उपचार के लिए बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक महिला के बेटे कल्पेश ने पुलिस को बताया कि बंदर के हमले में उसकी मां छत से गिर गई, जिससे उनकी मौत हो गई। वहीं दूसरे बेटे ललितेश ने भी इसी बात की पुष्टि की कि उनकी मां छत पर कपड़े सुखा रही थीं और बंदर के कपड़े ले जाने पर उन्हें छुड़ाने के प्रयास में वह छत से गिर गईं। सीएचसी प्रभारी डॉ. सचिन वर्मा ने बताया कि महिला को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है।

# कानपुर स्टेशन पर अवैध शराब जब्त

**एजेंसी**

**कानपुर।** कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर 28 जुलाई सोमवार रात को कार्रवाई में अवैध शराब जब्त की गई।

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) की संयुक्त टीम ने ऑपरेशन सतर्क के तहत प्लेटफॉर्म नंबर 1 के प्रयागराज छोर पर चेकिंग अभियान चलाया।

इस दौरान टीम को दो लावारिस बैग मिले। प्लेटफॉर्म पर मौजूद यात्रियों से पूछताछ की गई, लेकिन किसी ने भी इन बैगों को अपना होने का दावा नहीं किया।

जब बैग खोलकर देखे गए तो उनमें अंग्रेजी शराब और बीयर के कैन भरे हुए थे।

बरामद की गई शराब में 49 बोतल माउंटेन ओक (180 एमएल), 10 कैन प्रोस्ट बीयर (500 एमएल), 58 बोतल 8-पीएम गोल्ड और 47 बोतल आफ्टर डार्क ब्लू (180 एमएल) शामिल हैं। जब्त की गई शराब की अनुमानित कीमत लगभग 51,000 रुपए है।

पुलिस ने बैगों के मालिक की तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसके बाद दोनों बैगों को जीआरपी थाना कानपुर सेंट्रल लाया गया।

अवैध शराब को मलखाना में दाखिल कर दिया गया है। जीआरपी कानपुर मामले की आगे की जांच और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

यह कार्रवाई रेलवे में होने वाली चोरी की घटनाओं की रोकथाम, अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण तथा अवैध शराब की तस्करी रोकने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है।

# कुशीनगर में अंतरराज्यीय तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

## ट्रक से 1.25 करोड़ का माल बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार; नकली तंबाकू और मोबाइल ग्लास बेचते थे

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर पुलिस ने रविवार रात को अंतरराज्यीय तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। थाना कोतवाली पडरौना पुलिस ने एक कंटेनर ट्रक से 1.25 करोड़ रुपये की नकली तंबाकू और मोबाइल डिस्प्ले ग्लास बरामद की है। इस मामले में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। सोमवार को शाम 5 बजे करीब एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने प्रेस कॉन्फरेंस कर इस गिरोह का भंडाफोड़ किया।

एसपी संतोष कुमार मिश्रा के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार और सीओ सदर अजय कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में रात में बांसी चौकी के पास चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध कंटेनर को रोका गया।



### ट्रक की बॉडी में बने गुप्त चैम्बर से नकली सिगरेट मिली

तलाशी के दौरान ट्रक की बॉडी में बने गुप्त चैम्बर से 25 बोरियों में RICHMOND और Manchester ब्रांड की नकली सिगरेट मिली। साथ ही 4 बोरियों में नकली मोबाइल डिस्प्ले ग्लास भी बरामद हुई। मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### बिहार के मोतीहारी ले जाकर ऊंचे दामों पर माल बेचते थे

गिरफ्तार आरोपियों में राकेश पांडेय (चंदौली), बबलू पांडेय (कैमूर, बिहार) और रौनक खान (मोतीहारी, बिहार) शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने कबूला कि वे एक संगठित गिरोह का हिस्सा हैं। वे यह माल बिहार के मोतीहारी ले जाकर ऊंचे दामों पर बेचते थे।

### गिरोह के सदस्य की तलाश जारी

पुलिस के अनुसार इस गिरोह में जितेंद्र यादव नाम का एक और सदस्य शामिल है। उसकी तलाश जारी है। बरामद सामग्री में नकली सिगरेट 96 लाख रुपये, मोबाइल ग्लास 14.20 लाख रुपये और कंटेनर ट्रक 15 लाख रुपये की है।

### 6 पुलिसकर्मियों की टीम शामिल रही

इस ऑपरेशन में प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह समेत कुल 6 पुलिसकर्मियों की टीम शामिल रही। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।

# कानपुर में एक साथ जलीं तीन चिताएं

## बिधनू सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत का मामला

**कानपुर।** कानपुर के बिधनू में रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम होने के बाद सोमवार शाम तीनों के शव गांव पहुंचे तो हर तरफ चीख-पुकार मच गई। पुलिस की मौजूगदी में तीनों के शव का अंतिम संस्कार कानपुर गंगा घाट में हुआ है।



### यह था पूरा मामला

शिवराजपुर के ईंधना निवासी 18 वर्षीय नारायण इंटर का छात्र था। वह बिधनू थाना क्षेत्र के अफजलपुर गांव निवासी अपने मामा शिवमोहन के यहां पर घूमने आया था। रविवार शाम वह अफजलपुर गांव निवासी अपने साथी 23 वर्षीय शौमेंद्र पुत्र शिव सिंह व 32 वर्षीय सतेंद्र यादव पुत्र सियाराम के साथ बाइक से बिधनू बाजार गए थे। वहां से तीनों बाइक से वापस अफजलपुर गांव लौट रहे थे। तभी बिधनू थाना क्षेत्र के कानपुर सागर हाइवे पर स्थित अफजलपुर गांव के पास पहुंचते ही कानपुर की ओर से आ रही महोबा डिपो की रोडवेज बस ने बाइक सवार को टक्कर मारते हुए कुचल दिया था। हादसे में तीनों युवकों की दर्दनाक मौत हो गई थी। तीनों के शव पोस्टमार्टम होने के बाद सोमवार दोपहर गांव पहुंचे तो हर तरफ चीख-पुकार मच गई। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में तीनों के शव को परिजन गंगा घाट लेकर गए। वहां पर तीनों के शवों का अंतिम संस्कार हुआ।

### थाना प्रभारी बोले- करेंगे कड़ी कार्रवाई

बिधनू थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तीनों के शव का अंतिम संस्कार गंगा घाट में हुआ है। परिजनों की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कांवड़ियों की सेवा में जुटा प्रशासन

## जाम से राहत दिलाने को पुलिस कर रही बृहद प्रयास

**विशाल इण्डिया पूनम तिवारी**

**अंबेडकर नगर।** श्रावण मास के पावन अवसर पर जनपद मुख्यालय अकबरपुर में कांवड़ियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। भक्तिभाव से ओतप्रोत शिवभक्तों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी मुस्तैदी से जुटा हुआ है। जाम की समस्या से निजात दिलाने हेतु विशेष योजना के तहत चाक-चौबंद व्यवस्थाएं की गई हैं। यातायात पुलिस, कस्बा चौकी अकबरपुर और अन्य थानों से पहुंचे पुलिस कर्मी सुबह से सड़कों पर डटे हैं। उनकी प्राथमिकता है - कांवड़ियों को सुगम और सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराना। इसके तहत जाम की स्थिति बनते ही पुलिस त्वरित कार्रवाई कर मार्ग को खाली कर रही है। पुलिसकर्मी कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्वयं मौजूद रहकर न सिर्फ यातायात



को नियंत्रित कर रहे हैं, बल्कि श्रद्धालुओं को दिशा निर्देश भी दे रहे हैं। जगह-जगह बैरिकेडिंग, मार्ग चिन्हांकन और जलपान की व्यवस्था से व्यवस्था को सुचारु बनाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारी लगातार दौरा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं। यातायात को सुलभ बनाए रखने के लिए कई मार्गों को अस्थायी रूप से वन-वे किया गया है। पुलिस और प्रशासन की सक्रियता से श्रद्धालु काफी संतुष्ट नजर आ रहे हैं। उन्होंने व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि इस बार कांवड़ यात्रा अधिक सुगम और व्यवस्थित लग रही है।

प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे धैर्य और सहयोग बनाए रखें, अनावश्यक रूप से जाम न लगाएं और यात्रा मार्गों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतें क्षेत्राधिकारी सदर नीतीश कुमार तिवारी तथा शहर कोतवाल श्रीनिवास पांडेय के दौरा करके लगातार हर पहलू की देखभाल की जा रही है। श्रद्धा, सेवा और सुरक्षा - श्रावण मास में अंबेडकर नगर बना हुआ है मिसाल।

# एसपी ने मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया जागरूक



**ललितपुर।** एसपी ने महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बालिकाओं, छात्राओं को जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक, द्वारा एन्टी रोमियों टीम के साथ कोतवाली सदर क्षेत्रान्तर्गत स्कूलों/कालेजों आदि जगहों पर जाकर बालिकाओं/छात्राओं/बालको को शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 स्वानिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 , सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे जागरूक किया गया । एसपी द्वारा बालिकाओं/छात्राओं से वार्ता करते हुए बताया गया कि किसी भी प्रकार की मदद के लिये पुलिस/डायल-112 को सूचित करें जिससे तत्काल पुलिस द्वारा हरसंभव मदद की जायेगी ।

# अधिकारी अपनी उपस्थिति में करायें संदर्भों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण

## आईजीआरएस संदर्भों की समीक्षा में 96 निगेटिव फीडबैक पर एडीएम नाराज

**ललितपुर।** सोमवार को अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने जनपद में समन्वित जनशिकायत प्रणाली (आईजीआरएस) पर प्राप्त संदर्भों में निगेटिव फीडबैक की समीक्षा की और अधिकारियों को शिकायतकर्ता से वार्ता कर संतुष्टि के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जीरो टॉलरेंस नीति के अंतर्गत जनशिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर निस्तारण सरकार की प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने एक-एक कर सभी निगेटिव फीटबैक



संदर्भों की समीक्षा की और रैण्डम आधार पर शिकायकर्ताओं से दूरभाष पर वार्ता की। अपर जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं को संतुष्ट करते हुए मौके पर ही अधिकारियों से निस्तारण का भरोसा दिलाया और अधिकारियों को शिकायतकर्ता से बात कर निस्तारण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे प्रतिदिन नियमित रुप से आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा करें और लम्बित मामलों का निस्तारण सुनिश्चित करायें। बैठक में बताया कि इस माह में 96 निगेटिव फीडबैक प्राप्त हुए हैं, जिनमें विद्युत, आबकारी, चिकित्सा, परिवहन, लघु सिंचाई, उद्योग, बांट माप, शिक्षा, जल निगम, ग्राम्य विकास विभाग, नगर विकास, पशु चिकित्सा, जिला पंचायत, मनरेगा, पूर्ति, यूनानी, बाल विकास, युवा कल्याण आदि विभागों के संदर्भ शामिल हैं, जिससे जिले की रैंकिंग प्रभावित हो रही है।

बैठक में ई-डिस्ट्रिक मैनेजर अंशुल खरे ने कहा कि लम्बित प्रकरणों को आगामी दिवसों में निस्तारण करा लें, संदर्भों के निस्तारण में यदि कोई तकनीकी समस्या आ रही है तो वे ई-गवर्नेन्स सेल आकर सहायता ले सकते हैं।

# जनपद में चल रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान की अन्तर्विभागीय बैठक सम्पन्न

**डोर-टू-डोर सर्वे में बिरधा की खराब प्रगति पर एमओआईसी को फटकार, बार, मड़ावरा भी पिछड़े**

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में चल रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की माह जुलाई की समीक्षा हेतु अन्तर्विभागीय की। बैठक में एक-एक कर सभी ब्लॉकों की प्रगति की समीक्षा में विकासखण्ड बिरधा में आशाओं के द्वारा डोर-टू-डोर सर्वे की सबसे खराब प्रगति पर एमओआईसी बिरधा को फटकार लगाते हुए सुधार के निर्देश दिये गए। साथ ही विकासखण्ड बार और



मड़ावरा की स्थिति संतोषजनक न होने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को उन क्षेत्रों में जाकर सम्बंधित एमओआईसी और सीडीपीओ सहित अन्य क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति में 3 दिवस के भीतर सुधार करने के निर्देश दिये गए। उन्होंने निर्देश दिए कि संचारी रोगों से बचाव हेतु फ्रण्ट लाइन वर्कर डोर-टू-डोर सर्वे में कोताही न बरतें, अपने दायित्वों का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करें और मुख्यालय पर रिपोर्टिंग करें। ग्रामों में फॉगिंग, ब्लीचिंग व एण्टी लार्वा का नियमित रुप से छिड़काव कराते रहें और लोगों को इससे बचाव की जानकारी भी दें। संवेदनशील ग्रामों में स्वास्थ्य विभाग, खाद्य सुरक्षा व पंचायती राज विभाग की संयुक्त टीमें भ्रमण करें।

## संक्षिप्त समाचार

### बलूचिस्तान में गायब हो रहे लोग, छह माह में 752 लापता, 117 लोग मारे गए; सरकारी दमन की खुली पोल

**क्वेटा, एजेंसी।** पाकिस्तान में बलोचों के साथ होने वाले सरकारी दुर्व्यवहार पर बलोच यकजेहती समिति (बीवाईसी) ने एक अर्ध-वार्षिक मानवाधिकार रिपोर्ट (जनवरी-जून 2025) जारी की है। इसमें बलूचिस्तान प्रांत में व्यवस्थित और व्यापक सरकारी दमन को लेकर तथ्य पेश किए गए हैं। द बलूचिस्तान पोस्ट (टीबीपी) के मुताबिक, बीवाईसी ने अपनी रिपोर्ट में सिर्फ आंकड़े ही नहीं दिए बल्कि बलोचों की सामूहिक पीड़ा, अन्याय और सांविधानिक सुरक्षा उपायों के पतन का रिकॉर्ड भी पेश किया है। बीवाईसी नेता सम्मी दीन बलोच ने कहा, रिपोर्ट के निष्कर्ष पीड़ितों के परिवारों, प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय मानवाधिकार संगठनों की गवाही पर आधारित हैं, जो जबरन गायब किए जाने और न्यायेतर हत्याओं में खतरनाक वृद्धि को दर्शाते हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार, 2025 की पहली छमाही में 752 लोगों को जबरन गायब किया गया। इनमें से 181 को बाद में रिहा कर दिया गया, जबकि 25 की कथित तौर पर हिरासत में मौत हो गई। 546 व्यक्तियों का ठिकाना अज्ञात है। बलूचिस्तान पोस्ट ने बताया कि मकरान क्षेत्र में सबसे अधिक संख्या में लोग गायब हुए, जिनमें फ्रंटियर कोर (एफसी) के कर्मियों को मुख्य अपराधी बताया गया। रिपोर्ट में 117 न्यायेतर हत्याओं में अधिकांश फर्जी मुठभेड़ों और हिरासत में हत्याओं से जुड़ी हुई हैं। बलोच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने बलूचिस्तान के विभिन्न इलाकों में एक साथ कई सशस्त्र अभियानों की जिम्मेदारी ली है। बीएलए ने दावा किया है कि उसके लड़ाकों ने पिछले दिनों एक उच्च पदस्थ अधिकारी समेत कम से कम 23 पाकिस्तानी सैन्यकर्मियों को मार गिराया और खुफिया एजेंसियों से जुड़ी सैन्य सुविधाओं और संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचाया। बलूचिस्तान पोस्ट के अनुसार, बीएलए के प्रवक्ता जीयंद बलोच ने संकेत दिया कि समूह के लड़ाकों ने मस्तुंग, कलात, जमुरान, बुलेदा और क्वेटा जैसे स्थानों पर पाकिस्तानी सेना को निशाना बनाया और नुश्की, दलबंदिन और पंजगुर में भी हमले किए।

### न्यू मेक्सिको यूनिवर्सिटी के छात्रावास में गोलीबारी, वीडियो गेम खेलने को दौरान हुआ झगड़ा; एक की मौत

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के अल्बुकर्क इलाके में न्यू मेक्सिको यूनिवर्सिटी के छात्रावास में शुक्रवार की सुबह गोलीबारी हुई। इस गोलीबारी में 14 वर्षीय छात्र की मौत हो गई है। वहीं 19 वर्षीय एक अन्य छात्र घायल है। गोलीबारी के बाद सैंकड़ों छात्रों को यूनिवर्सिटी परिसर से सुरक्षित निकाला गया और संदिग्ध की तलाश की गई। पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद छात्रों को सिर्फ मेस में खाना खाने जाने की इजाजत है और छात्रों को घटनास्थल से दूर रहने के निर्देश दिए गए हैं। न्यू मेक्सिको राज्य पुलिस प्रमुख ट्रॉय वीस्लर ने बताया कि दोपहर लगभग 2:30 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। संदिग्ध की पहचान 18 वर्षीय जॉन फ्यूएंटेस के रूप में हुई है। न्यू मेक्सिको राज्य पुलिस के अनुसार, 18 वर्षीय जॉन फ्यूएंटेस पर प्रथम श्रेणी की हत्या, मारपीट, गंभीर हमले और सबूतों से छेड़छाड़ के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। फ्यूएंटेस को बिना जमानत के हिरासत में रखा जाएगा और वह तब तक हिरासत में रहेगा जब तक कि जिला अदालत उसकी रिहाई की शर्तें तय नहीं कर देती। पुलिस अधिकारियों ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि जब गोलीबारी शुरू हुई, तब संदिग्ध समेत चार लोग अपने छात्रावास के कमरे में वीडियो गेम खेल रहे थे। इसी दौरान संदिग्ध ने गोलीबारी की, जिसमें 14 वर्षीय किशोर की गोली लगने से मौत हो गई और बाकी लोग कमरे से भाग गए। एक 19 वर्षीय युवक गोली लगने से घायल हुआ है।

### रूस और यूक्रेन में हवाई हमलों में 4 लोगों की मौत

**कीव, एजेंसी।** रूस-यूक्रेन के बीच रात भर चले हवाई हमलों में दोनों देशों के दो-दो लोगों की मौत हो गई। यूक्रेन के दक्षिणी नीपर और उत्तर-पूर्वी सूमी क्षेत्रों पर रॉकेट और ड्रोन से संयुक्त हमला हुआ। नीपर क्षेत्रीय प्रशासन के प्रमुख सेरही लिसाक ने बताया कि इस हमले में दो लोगों की मौत हो गई और 5 घायल हो गए। उधर, रूस में यूक्रेनी ड्रोनों ने रात भर कई क्षेत्रों को निशाना बनाया। कार्यवाहक गवर्नर यूरी स्ल्यूसर ने कहा, यूक्रेन की सीमा से लगे रोस्तोव क्षेत्र में हुए ड्रोन हमले में दो लोगों की मौत हो गई।

### इस्राइल ने वरिष्ठ हिजबुल्ला कमांडर को मार गिराया

**येरूशलम, एजेंसी।** इस्राइली रक्षा बल (आईडीएफ) ने बिंट जेबिल सेक्टर में हिजबुल्ला के वरिष्ठ कमांडर अली अब्द अल-कादर इस्माइल को मार गिराया। आईडीएफ ने कहा कि इस्माइल दक्षिणी लेबनान में आतंकवादी संगठन के पुनर्वास के प्रयासों में शामिल था। इस बीच इस्राइल के रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने ड्रूज समुदाय के आध्यात्मिक नेता शेख मुआफाक तारिफ के घर का दौरा किया और सीरिया में अपने भाइयों की सहायता करने का संकल्प लिया। रक्षा मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, जूलिस गांव का दौरा करते हुए, काट्ज ने कहा कि सेना दक्षिणी सीरिया के ड्रूज समुदाय के लोगों को चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए काम करेगी।

# गाजा में भूख से रोते-रोते मर गई मासूम: जन्म से भी कम रह गया था वजन

**गाजा पट्टी , एजेंसी।** गाजा पट्टी में भुखमरी से हालात विकट हो गए हैं। बच्चे भूख से तड़प-तड़प कर मर रहे हैं, और वयस्कों को रोजाना भूख मिटाने के लिए जान जोखिम में डालनी पड़ रही है। ऐसी ही एक कहानी है पांच महीने की बच्ची जैनब अबू हलीब की, जिसने भूख के चलते रो-रोकर दम तोड़ दिया। मां एसरा अबू हलीब ने अपनी पांच महीने की बेटी को आखिरी बार चूमा और रो पड़ी। बच्ची का वजन अब उसके जन्म के समय से भी कम रह गया था। इस बच्ची की मौत ने लोगों को अंदर तक झकझोर दिया है।



गाजा की एक धूप वाली सड़क पर, जैनब की छोटी सी लाश 21 महीने के युद्ध और खाने की चीजों पर इस्राइली रोक के बाद हुई एक और भूख से मौत का उदाहरण बन गई। बच्ची को शुक्रवार को गाजा के नासिर अस्पताल लाया गया था, लेकिन तब तक वह मर चुकी थी। एक कर्मचारी ने उसकी मिकी माउस वाली शर्ट हटाकर उसकी खुली आंखों पर रख दी। उसकी पतली टांगें और उभरी हुई हड्डियां देखकर साफ लग रहा था कि वह बहुत कुपोषित थी।

**तीन किलो से ज्यादा था जैनब के जन्म का वजन :** बच्ची की मां एसरा ने बताया कि जैनब का जन्म का वजन 3 किलो से ज्यादा था, लेकिन जब उसकी मौत हुई, तब उसका वजन 2 किलो से भी कम रह गया था। बच्ची को एक सफेद चादर में लपेटकर दफनाने की तैयारी की गई। उसके लिए नमाज पढ़ी गई और अल्लाह से दुआ की गई।

**अब तक 85 बच्चों ने भूख और कुपोषण से तोड़ा दम :** गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि युद्ध के दौरान अब तक 85 बच्चे भूख और कुपोषण से मारे गए हैं। कुल मिलाकर 127 लोगों की मौत भूख से जुड़ी बीमारियों से हो चुकी है। जैनब के पिता ने कहा कि उनकी बेटी को एक खास दूध (शिशु फॉर्मूला) की जरूरत थी, जो गाजा में नहीं मिल रहा था। डॉक्टरों के अनुसार, बच्ची को गाय के दूध से एलर्जी थी और इसलिए उसे एक खास प्रकार के दूध की जरूरत थी। उस दूध की कमी से बच्ची को दस्त, उल्टी और संक्रमण हो गया। वह कुछ भी निगल नहीं पा रही थी और बहुत कमजोर हो गई थी।

**6 हफ्ते तक ही जैनब को स्तनपान करा पाई मां :** जैनब का परिवार एक तंबू में रहता था, क्योंकि वे भी युद्ध के कारण अपने घर से बेघर हो गए थे। उसकी मां एसरा भी भूख और कमजोरी से पीड़ित है। एसरा ने बताया कि वे जैनब को सिर्फ 6 हफ्ते तक ही स्तनपान करा पाई, उसके बाद उसे फॉर्मूला दूध देना जरूरी हो गया था। मां ने कहा, मेरी बेटी के बाद और भी बच्चे मरेंगे। हम और हमारे बच्चे बस एक गिनती बनकर रह गए हैं। कोई हमारी परवाह नहीं करता। अब ज्यादा कुपोषित बच्चे पहुंच रहे अस्पताल अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि अब बहुत ज्यादा बच्चे कुपोषण का शिकार होकर अस्पताल आ रहे हैं। एक छोटे से विभाग में जहां सिर्फ 8 बिस्तर हैं, वहां 60 से ज्यादा बच्चे भर्ती हैं। जमीन पर भी गद्दे बिछाकर इलाज किया जा रहा है। एक और क्लिनिक में हर हफ्ते लगभग 40 कुपोषित बच्चों को लाया जा रहा है। डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि जब तक इस्राइल खाने और दवाइयों को गाजा में आने की अनुमति नहीं देगा, तब तक और ज्यादा मौतें होती रहेंगी। गाजा में डॉक्टर और राहतकर्मी इस्राइल द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों को इसके लिए जिम्मेदार मानते हैं। खाने की कमी से गाजा में अकाल जैसे हालत बन गए हैं। गाजा को हर दिन 500-600 ट्रकों की जरूरत मार्च में जब युद्धविराम खत्म हुआ, तब इस्राइल ने करीब ढाई महीने तक गाजा में खाना, दवाई और ईंधन की सप्लाई बंद कर दी थी, ताकि हमास पर दबाव डाला जा सके। बाद में मई में, अंतरराष्ट्रीय दबाव के बाद थोड़ी राहत दी गई। इस्राइल का कहना है कि उसने मई से अब तक 4,500 ट्रकों को गाजा में आने दिया है, जिनमें 2,500 टन शिशु आहार भी शामिल था। लेकिन संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, गाजा को हर दिन 500 से 600 ट्रकों की जरूरत है, जबकि अब सिर्फ 69 ट्रक आ पा रहे हैं।

### भूखमरी से जूझते गाजा के लिए इस्राइली सेना ने 3 इलाकों में फायरिंग रोकने का किया एलान

**गाजा पट्टी , एजेंसी।** गाजा में बिगड़ती मानवीय स्थिति के बीच इस्राइली सेना ने रविवार को घोषणा की कि वह



गाजा के तीन प्रमुख इलाकों में सामरिक विराम (टैक्टिकल पॉज) लागू करेगी। इस कदम का उद्देश्य इलाके में तेजी से फैल रही भूख और मानवीय संकट को कुछ हद तक कम करना है। सेना ने कहा कि मुवासी, दीर अल-बलह और गाजा सिटी में हर दिन सुबह 10 बजे से रात आठ बजे तक सैन्य कार्रवाई रोकी जाएगी। यह रोक अगली सूचना तक लागू रहेगी। इन इलाकों को इसलिए चुना गया है क्योंकि यहां राहत सामग्री पहुंचाने में लगातार दिक्कतें आ रही थीं और आबादी तेजी से खाद्य संकट से जूझ रही है। राहत सामग्री के लिए बनाए जाएंगे सुरक्षित रास्ते इस्राइली सेना ने बयान जारी कर कहा कि वह अब इन इलाकों में सुरक्षित मार्ग तय करेगी ताकि राहत एजेंसियां भोजन और अन्य जरूरी सामान जरूरतमंद लोगों तक पहुंचा सकें। सेना का कहना है कि इससे विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफआई), रेड क्रॉस और अन्य एजेंसियों की मदद आसान होगी। संयुक्त राष्ट्र और एनजीओ ने जताई चिंता इस्राइल और हमास के बीच जारी युद्ध के बीच संयुक्त राष्ट्र और कई गैर-सरकारी संगठनों ने चेताया है कि गाजा में लाखों लोग कुपोषण और भूख का सामना कर रहे हैं। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की स्थिति गंभीर होती जा रही है। इन संगठनों का कहना है कि अगर जल्द राहत नहीं पहुंचाई गई, तो यह एक बड़े मानवीय संकट में बदल सकता है। भूख के साथ सुरक्षा भी बनी चुनौती हालांकि, राहत एजेंसियों का कहना है कि भोजन पहुंचाने के लिए केवल फायरिंग रोकना काफी नहीं है। गाजा के अंदर कई जगहों पर सुरक्षा की स्थिति अस्थिर है, जिससे सप्लाई चैन लगातार बाधित हो रही है। इसके साथ ही, कई इलाके ऐसे भी हैं जहां तक पहुंचना अब भी लगभग नामुमकिन है।

### कमला हैरिस पर भड़के डोनाल्ड ट्रंप मुकदमा चलाने की कर दी मांग

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर कमला हैरिस पर भड़क उठे हैं। इस बात तो उन्होंने कमला हैरिस के खिलाफ मुकदमा तक चलाने की मांग कर डाली। ट्रंप का कहना है कि कमला हैरिस और कुछ अन्य शीर्ष अमेरिकी सेलेब्स ने 2024 के चुनाव अभियान के दौरान पैसे लिए। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से गैरकानूनी है। इससे चुनावी अभियान के आर्थिक कानूनों का उल्लंघन हुआ है। ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल मीडिया अकाउंट पर इस बारे में लिखा है। गौरतलब है कि इस वक्त ट्रंप खुद एप्सटीन केस को लेकर विवादों में घिरे हुए हैं। इसमें ट्रंप ने आरोप लगाया है कि कमला हैरिस ने गायिका बियॉन्से, टीवी होस्ट ओपरा विन्फ्रे, और सिविल राइट्स एक्टिविस्ट अल शार्पटन जैसे सितारों के समर्थन के बदले लाखों डॉलर खर्च किए। उन्होंने कहा कि यह समर्थन अभियान असली नहीं, थे बल्कि पैसे देकर हासिल किए गए थे। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि क्या होगा यदि नेता सभी समर्थन करने वालों को पैसे देना शुरू कर दें? उन्होंने लिखा कि कमला और उन सभी ने, जिन्होंने पैसे लिए उन्होंने कानून तोड़ा है। इन सभी पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। गौरतलब है कि ट्रंप ने यह हमला उस वक्त किया है जब वह खुद जेफ्री एप्सटीन केस फाइल विवाद से घिरे हुए हैं।

# टेकऑफ से पहले लैंडिंग गियर में लगी आग, क्रैश होने से बाल-बाल बचा विमान; 179 लोग थे सवार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका एक बड़ा विमान हादसे का गवाह बनने से बाल-बाल बचा है। डेनवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शनिवार दोपहर एक बड़ा विमान हादसा उस समय टल गया जब अमेरिकन एयरलाइंस की फ्लाइट एए 3023 के लैंडिंग गियर में आग लग गई। यह घटना उस समय हुई जब विमान टेकऑफ की तैयारी ही कर रहा था। विमान में सवार सभी 173 यात्री और 6 क्रू सदस्य पूरी तरह सुरक्षित हैं। हालांकि, एक यात्री को मामूली चोट के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अन्य पांच यात्रियों को मौके पर ही प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया। यह घटना शनिवार दोपहर लगभग 2:45 बजे (अमेरिका के समय के मुताबिक) हुई, जब फ्लाइट एए 3023 डेनवर से मियामी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरने वाली थी। विमान रनवे 34रु पर टेकऑफ की तैयारी में था, तभी लैंडिंग गियर में एक टायर में खराबी सामने आई। इसके कारण उसमें आग लग गई। डेनवर फायर डिपार्टमेंट और एयरपोर्ट प्रशासन ने तुरंत मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। सभी यात्रियों को आपातकालीन स्लाइड्स के जरिए सुरक्षित बाहर निकाला गया। अमेरिकन एयरलाइंस ने इस घटना की पुष्टि की है कि विमान बोइंग 737 मैक्स 8 था और उसमें टायर से संबंधित तकनीकी समस्या आई



थी। एयरलाइन ने कहा कि प्रभावित विमान को सेवा से हटा दिया गया है और पूरी जांच की जाएगी। विमान को गेट सी34 से रवाना होना था और निर्धारित समय दोपहर 1:12 बजे था। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने इसे संभावित लैंडिंग गियर की खराबी के रूप में रिपोर्ट किया है। इस घटना के चलते डेनवर एयरपोर्ट पर दोपहर 2:00 बजे से 3:00 बजे तक ग्राउंड स्टॉप लागू किया गया, जिससे 87 उड़ानों में देरी हुई। हालांकि शाम तक सभी सेवाएं सामान्य रूप से शुरू हो गई थीं। गौरतलब है कि अमेरिकन एयरलाइंस के साथ डेनवर में यह दूसरी बड़ी घटना है। मार्च 2025 में, इसी एयरलाइन के एक अन्य विमान में इंजन में खराबी आने के कारण आपात लैंडिंग करनी पड़ी थी। अमेरिकन एयरलाइंस ने यात्रियों को मियामी ले जाने के लिए एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की, जिसने शाम को उड़ान भरी। अमेरिकन एयरलाइंस ने पुष्टि की कि विमान के टायर में तकनीकी खराबी थी, जिसकी वजह से इसे सर्विस से हटा लिया गया है। इसकी जांच की जा रही है।

# मॉल में घुसा शख्स और लोगों पर चलाने लगा चाकू, अमेरिका में दिल दहलाने वाली घटना

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के मिशिगन स्थित वॉलमार्ट मॉल में चौंकाने वाली घटना हुई है। यहां पर एक व्यक्ति ने चाकू मारकर 11 लोगों को घायल कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक इस घटना को 42 वर्षीय व्यक्ति ने अंजाम दिया। वह शाम करीब पौने पांच बजे मॉल में घुसा और अचानक से लोगों पर हमला करने लगा। सूचना मिलते ही पुलिस वहां पर पहुंची और संदिग्ध को दबोच लिया, लेकिन तब तक वह 11 लोगों पर हमले कर चुका था। घटना में छह लोग गंभीर रूप से घायल हैं। फिलहाल अमेरिकी पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना के पीछे हमलावर का मकसद क्या था, यह अभी तक पता नहीं चला है। प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना का जो विवरण दिया है वह काफी दिल दहलाने वाला है। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि एक व्यक्ति की तो आंखों में चाकू मार दिया गया। मॉल की कर्मचारी ताशा नाश ने चैनल2 को बताया कि वह





चाकू के साथ अंदर आया। देखते ही देखते उसने छह लोगों को चाकू माना। मैंने देखा कि एक व्यक्ति की आंखों में चाकू घुसा हुआ था।

वह लोगों पर हमले कर रहा था, तभी मॉल में मौजूद कुछ लोगों ने बहादुरी दिखाई। उन लोगों ने हमलावर को दबोच लिया और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस आई और उसे हिरासत में लिया। हालांकि अभी हमलावर का नाम सामने नहीं आया है। ट्रैवर्स सिटी से लगभग 25 मील दूर ऑनर में रहने वाली 36 वर्षीय टिफनी डेफेल ने बताया कि जब वह पार्किंग स्थल पर थीं तभी उन्होंने अपने आस-पास अफरा-तफरी मची देखी। उन्होंने कहा कि यह वाकई डरावना था। मैं और मेरी बहन बहुत घबरा गए थे। 'मुनसन हेल्थकेयर' ने सोशल मीडिया के जरिए बताया कि उत्तरी मिशिगन स्थित इस अस्पताल में 11 लोगों का इलाज किया जा रहा है। अस्पताल की प्रवक्ता मेगन ब्राउन ने बताया कि सभी लोग चाकू लगने से घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार देर रात तक छह घायलों की हालत नाजुक थी और पांच की हालत गंभीर थी। मिशिगन राज्य पुलिस ने बताया कि संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया है। शीया ने बताया कि संदिग्ध संभवतः मिशिगन का निवासी है लेकिन उन्होंने और जानकारी देने से इनकार कर दिया। गवर्नर ग्रेचेन व्हिटमर ने पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त की। वॉलमार्ट ने एक बयान में कहा कि वह जांच में कानून प्रवर्तन एजेंसी का सहयोग कर रहा है। बयान में कहा गया कि इस तरह की हिंसा अस्वीकार्य है। हमारी संवेदनाएं घायलों के साथ हैं और हम त्वरित कार्रवाई के लिए बचावकर्मियों के आभारी हैं।

## ऑस्ट्रेलिया में भारतीय मूल के शख्स पर जानलेवा हमला

**कैनबरा, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया में शनिवार को भारतीय मूल के एक नागरिक सौरभ आनंद पर मेलबर्न के सेंट्रल स्क्वायर शॉपिंग सेंटर के बाहर पांच नाबालिगों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों में सौरभ के हाथ से उनकी कलाई काट दी। सौरभ ने बताया कि शाम को फार्मेसी से दवा लेकर लौट रहे थे। इस दौरान एक दोस्त से फोन पर बात कर रहे थे, तभी पांचों लड़कों ने पीछे से उन पर हमला कर दिया। एक लड़के ने उनकी जेब टटोली, दूसरे ने उन्हें मुक्कों से पीटा, और तीसरे ने चाकू उनकी गर्दन पर रखा। सौरभ ने बचाव में हाथ उठाया, तो उसी चाकू से उनकी कलाई काट दी। सौरभ ने अस्पताल में बताया कि- मुझे बस दर्द याद है, मेरा हाथ बस एक धागे से लटक रहा था। हमले मे उनकी रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर टूटने और सिर में चोटें आई हैं।

**अभी रिकवरी को लेकर कुछ कहा नहीं जा सकता :** राहगीरों ने सौरभ की चीखें सुनीं और इमरजेंसी सर्विस को बुलाया। रॉयल मेलबर्न अस्पताल में सर्जनों ने कई घंटों की सर्जरी के बाद उनके हाथ को जोड़ा, लेकिन शुरू में इसे काटने की बात भी हुई थी। उनकी कलाई और हाथ में स्क्रू डाले गए हैं। सौरभ सीरियस मेडिकल निगरानी में हैं। डॉक्टरों का कहना है कि अभी उनकी रिकवरी को लेकर कुछ कहा नहीं जा सकता। सौरभ ने कहा- मैं अपना हाथ हिला नहीं सकता, बस दर्द महसूस होता है।



**हमले के 5 में 4 आरोपी हिरासत में :** पुलिस ने पांच में से चार आरोपियों को हिरासत में लिया है। एक 14 साल के आरोपी पर गंभीर चोट पहुंचाने, लूट और गैरकानूनी हमले के आरोप हैं। वहीं दो 15 साल और एक अन्य 14 साल के आरोपी पर भी अलग-अलग आरोप लगे हैं। ये सभी अगस्त में कोर्ट में पेश होंगे। सौरभ ने दुख जताया कि दो आरोपियों को जमानत मिल गई। उन्होंने कहा, मैं न्याय चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि यह घटना बदलाव का कारण बने।

**4 दिन पहले भी भारतीय पर हमला हुआ था :** ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड शहर में भी 4 दिन पहले एक भारतीय छात्र पर बेरहमी से हमला किया गया था। तब चरणप्रीत सिंह अपनी पत्नी के साथ कार से शहर के लाइट शो देखने निकला था। इसी दौरान किंटोर एवेन्यू के पास रात 9 बजे कार पार्किंग को लेकर उसकी स्थानीय लोगों से बहस हो गई।

# थाइलैंड और कंबोडिया तत्काल युद्धविराम के लिए बातचीत पर सहमत: डोनाल्ड ट्रंप

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि थाइलैंड और कंबोडिया तत्काल युद्धविराम पर बातचीत करने के लिए सहमत हो गए हैं। दोनों देशों में तीन दिनों तक चली घातक झड़पों में 30 लोग मारे गए और 1 लाख 30 हजार से अधिक विस्थापित हुए हैं। स्कॉटलैंड की यात्रा पर गए ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट में कहा, मैंने कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेत और थाइलैंड के कार्यवाहक प्रधानमंत्री फुमथम वेचायचाई से अलग-अलग बात की। दोनों नेताओं को चेतावनी दी कि अगर लड़ाई जारी रही तो संभावित अमेरिकी व्यापार सौदे खतरे में पड़ सकते हैं। दोनों पक्ष तत्काल युद्धविराम और शांति की तलाश में हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, दोनों देश व्यापारिक मेज पर लौटने के लिए उत्सुक हैं। वे तुरंत मिलने और जल्दी से युद्धविराम व आखिरकार शांति स्थापित करने के लिए काम करने पर सहमत हुए हैं! हालांकि, व्हाइट हाउस और संबंधित दूतावासों ने बातचीत के विवरण की पुष्टि नहीं की है। कंबोडियाई प्रधानमंत्री हुन मानेट ने कंबोडिया और थाइलैंड के सशस्त्र बलों के बीच तत्काल और बिना शर्त युद्धविराम की इच्छा जताई। मानेट ने कहा कि उन्होंने शनिवार रात राष्ट्रपति ट्रंप के साथ सशस्त्र झड़पों के मुद्दे पर फोन पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान ट्रंप ने इच्छा व्यक्त की कि वे ऐसा युद्ध या लड़ाई नहीं चाहते, जिससे दोनों पक्षों के सैनिकों और नागरिकों सहित कई लोगों की मौत हो जाए या वे घायल हो जाएं। उन्होंने दोनों देशों के बीच तत्काल युद्ध विराम



और शांति की कामना की। कंबोडियाई प्रधानमंत्री मानेट ने कहा, मैंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को स्पष्ट कहा कि कंबोडिया दोनों सशस्त्र बलों के बीच तत्काल और बिना शर्त युद्ध विराम के प्रस्ताव से सहमत है। मानेट ने कहा कि उन्होंने कंबोडिया के उप-प्रधानमंत्री, विदेश व अंतर्राष्ट्रीय सहयोग मंत्री प्राक सोखोन को युद्ध विराम प्रस्ताव पर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ चर्चा करने की जिम्मेदारी सौंपी है। मालूम हो कि कंबोडिया और थाइलैंड के बीच सीमावर्ती क्षेत्रों में गुरुवार को झड़पें शुरू हुईं। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच एक हजार साल पुराने दो शिव मंदिरों को लेकर शुरू हुआ संघर्ष शनिवार को भी जारी रहा। इस संघर्ष में अब तक 33 लोगों की मौत हो गई। कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक लड़ाई में उसके 13 लोगों की मौत हुई है। इनमें 8 नागरिक और 5 सैनिक शामिल हैं। इसके अलावा 71 लोग घायल हुए हैं। वहीं, थाईलैंड के भी 20 लोग मारे गए हैं। इनमें 14 नागरिक और 6 सैनिक शामिल है। कंबोडिया ने थाईलैंड पर जानबूझकर हमला करने का आरोप लगाया है और कहा है कि थाई सेना उनकी संप्रभुता का उल्लंघन कर रही है। कंबोडियाई प्रधानमंत्री हुन मानेट ने शनिवार को दावा किया कि मलेशिया की मध्यस्थता में 24 जुलाई की रात दोनों ही देश सीजफायर पर समहत हुए थे, लेकिन समझौते पर पहुंचने के 1 घंटे से भी कम वक्त में थाईलैंड ने अपना रुख बदल दिया और समझौते से हट गया। यूएन सुरक्षा परिषद की इमरजेंसी बैठक में कंबोडिया ने जंग को रुकवाने की मांग की है। इस मीटिंग में थाईलैंड ने कंबोडिया पर सीमावर्ती इलाके में बारूदी सुरंगें बिछने का आरोप लगाया। थाई राजदूत ने कहा कि कंबोडिया ने ही हमले शुरू किए।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्ध नगर
मंगलवार 29 जूलाई 2025
Www.vishalindia.in

# रचा इतिहास ! 19 साल की दिव्या देशमुख ने जीता चेस वर्ल्ड कप, बनीं पहली भारतीय महिला चैंपियन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की युवा चेस सनसनी दिव्या देशमुख ने महिला चेस वर्ल्ड कप 2025 का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है! सिर्फ 19 साल की दिव्या ने जॉर्जिया के बाटुमी में हुए इस प्रतिष्ठित वर्ल्ड कप के फाइनल में भारत की ही दिग्गज खिलाड़ी कोनेरू हंपी को शिकस्त देते हुए यह खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ ही वह चेस वर्ल्ड कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला चेस स्टार बन गई हैं।

यह दिव्या के करियर की एक और बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि उन्होंने पिछले साल ही जूनियर वर्ल्ड चैंपियन का खिताब जीता था। अब इस खिताबी जीत के साथ ही वह भारत की चौथी महिला ग्रैंडमास्टर भी बन गई हैं।

### भारत ने पक्का किया था खिताब

जॉर्जिया के बाटुमी में पिछले करीब 3 हफ्तों से महिला चेस वर्ल्ड कप का आयोजन हो रहा था। दिव्या देशमुख ने पहले फाइनल में पहुंचकर इतिहास रचा, और फिर भारत की पहली महिला ग्रैंडमास्टर कोनेरू हंपी भी फाइनल में पहुँच गईं। इससे यह तय हो गया था कि जीत चाहे जिसकी भी हो, खिताब भारत के हिस्से में ही आएगा और पहली बार कोई भारतीय महिला चेस वर्ल्ड कप चैंपियन बनेगी। मगर इस बार युवा जोश के आगे अनुभव को शिकस्त मिली।

### कांटे की टक्कर और टाईब्रेक में फैसला

दिव्या और कोनेरू के बीच शनिवार, 26 जुलाई को फाइनल में पहली टक्कर हुई थी। इसमें 19 साल की इंटरनेशनल मास्टर दिव्या जीत के करीब नज़र आ रही थीं, मगर आखिरी मौके पर उन्होंने एक गलती की और कोनेरू ने वापसी करते हुए मैच को ड्रॉ करवा दिया। फिर रविवार को दोबारा दोनों की टक्कर हुई और इस बार भी मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। ऐसे में चैंपियन का फैसला करने के लिए टाईब्रेक की नौबत आई।

फाइनल के शुरुआती दोनों मैच क्लासिकल फॉर्मेट में खेले गए, लेकिन टाईब्रेक रैपिड फॉर्मेट में खेला जाना था। इस फॉर्मेट में 38 साल की कोनेरू को दिव्या की तुलना में ज्यादा मजबूत खिलाड़ी माना जा रहा था। मगर सोमवार, 28 जुलाई को हुए टाईब्रेक मुकाबले में कहानी एक दम पलट गई। दिव्या ने अपनी दोगुनी उम्र की कोनेरू को उनके ही गेम में फंसाया और गलती के लिए मजबूर कर दिया। आखिरकार दिव्या ने टाईब्रेक में शानदार जीत दर्ज करते हुए



खिताब अपने नाम कर लिया। सिर्फ 19 साल की उम्र में यह खिताब जीतने वाली वह पहली भारतीय महिला बन गई हैं। यह भी एक संयोग ही है कि उन्होंने यह बड़ी उपलब्धि भारत की पहली महिला ग्रैंडमास्टर को हराकर ही हासिल की है।

# भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम की घोषणा, स्टार ऑलराउंडर टीम में शामिल



**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने 28 जुलाई को एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पांचवें और अंतिम टेस्ट के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। तेज गेंदबाज ऑलराउंडर जेमी ओवरटन को टीम में शामिल किया गया है। ओवरटन को कप्तान बेन स्टोक्स के कवर के तौर पर शामिल किया गया है, जिन्हें मैनचेस्टर टेस्ट के दौरान हैमस्ट्रिंग की समस्या हो गई थी।

इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने भारत के खिलाफ होने वाले पांचवें टेस्ट मैच के लिए एक ऑलराउंडर जेमी ओवरटन की टीम में वापसी की है। यह मैच सीरीज का निर्णायक मुकाबला होगा और दोनों ही टीमें जीत के इरादे से मैदान में उतरेंगी। भारतीय टीम इंग्लैंड को उनके घरेलू मैदान पर कड़ी टक्कर देगी।

एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है। पांचवें और अंतिम टेस्ट में भारतीय टीम जीत के इरादे से उतरेगी कप्तान शुभमन गिल की अगुआई में भारतीय टीम इस मुकाबले को जीतकर सीरीज 2-2 से ड्रॉ करना चाहेगी। भले ही इंग्लैंड की टीम आक्रामक क्रिकेट खेल रही है लेकिन भारतीय टीम ने अब तक बेहतरीन जज्बा और संयम दिखाया है। इंग्लैंड पर दबाव बनाने के लिए पांचवें टेस्ट मैच में बल्लेबाजो को बड़ा स्कोर बनाना होगा वही गेंदबाजो को भी महत्वपूर्ण समय पर विकेट लेना होगा।

### भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम-

बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, लियाम डॉसन, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), जोश टंग, क्रिस वोक्स।

# ऋषभ पंत इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट से बाहर, सीएसके का यह खिलाड़ी टीम में शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चौथे टेस्ट मैच के दौरान बल्लेबाजी करते समय चोट लगने के बाद भारतीय उप कप्तान ऋषभ पंत एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 के पांचवे टेस्ट मैच से बाहर हो गए है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा सीरीज के आखिरी मुकाबले के लिए उनकी जगह तमिलनाडु के विकेटकीपर बल्लेबाज नारायण जगदीशन को टीम में शामिल किया गया है।

इंग्लैंड खिलाफ चौथे टेस्ट के दौरान पंत के दाहिने पैर में फ्रैक्चर हो गया और बीसीसीआई की टीम उनकी स्थिति पर नजर रख रही है। मैच के पहले दिन बल्लेबाजी करते हुए पंत चोटिल हो गए जिससे कि विकेटकीपर बल्लेबाज पंत को बीच में ही मैदान छोड़कर बाहर जाना पड़ा। फिर रवींद्र जडेजा ने वाशिंगटन सुंदर के साथ पारी को आगे बड़ाया। हालांकि पंत दूसरे दिन फिर से बल्लेबाजी करने आए और भारत के कुल स्कोर में और रन जोड़े। दूसरे दिन उन्होंने 17 रन बनाकर अपना अर्धशतक पूरा किया और फिर जोफ्रा आर्चर की अच्छी गेंद पर आउट होकर वापिस ड्रेसिंग रूम जाना पड़ा।



बीसीसीआई ने एक विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए कहा, 'ऋषभ पंत, जिन्हें मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के दौरान दाहिने पैर में फ्रैक्चर हो गया था, श्रृंखला के पांचवें और अंतिम टेस्ट से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर नज़र रखेगी और टीम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती है। बीसीसीआई ने एक विज्ञप्ति में कहा कि पुरुष चयन समिति ने पांचवें टेस्ट के लिए ऋषभ पंत के प्रतिस्थापन के रूप में नारायण जगदीशन का नाम लिया है, जो 31 जुलाई, 2025 को केनिंग्टन ओवल, लंदन में शुरू होगा।'

पंत इस सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजो में से थे, उन्होंने सात पारियों में 479 रन बनाए, जिसमें दो शतक और तीन अर्धशतक शामिल है।

# गांगुली एशिया कप में पाकिस्तान के साथ मैच खेले जाने के समर्थन में उतरे

**कोलकाता (एजेंसी)।** एक ओर जहां पहलगाम आतंकी हमले के बाद क्रिकेट प्रशंसक भारतीय टीम के पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप में मैच खेलने का विरोध कर रहे हैं। वहीं पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा है कि मैच होने पर उन्हें कोई परेशानी नहीं है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मेजबानी में होने वाले एशिया कप में भारत और पाकिस्तान का 14 सितंबर को आामने-सामने होंगे। गांगुली ने कहा कि खेल चलते रहना चाहिए। पहलगाम जैसी घटना नहीं होनी चाहिए थी पर खेल में बाधा नहीं आनी चाहिये। आतंकवाद को रोका जाना चाहिये। उन्होंने कहा है कि भारत सरकार आतंकवाद रोकने के लिए पूरी



ताकत से प्रयास कर रही है। देश ने ने आतंकवाद के खिलाफ मजबूत रुख अपनाया है पर खेलों को रोकना ठीक नहीं हैं।'

वहीं गांगुली के इस बयान की आलोचना हो रही है। लोगों का कहना है कि जब पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से हमारे देश में लोगों की जान जा रही है तक उससे कैसे खेला जा सकता है। वहीं कई पूर्व खिलाड़ियों और लोगों ने सोशल मीडिया पर गांगुली से यह पूछ है कि क्रिकेट मैच को पाकिस्तान के साथ रिश्तों को सामान्य करने का जरिया किस कारण से माना जाना चाहिए जबकि उसकी ओर से लगातार आतंकी घटनाएं हो रही हैं ? वहीं गत दिवस ही पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरउद्दीन ने कहा था कि एशिया कप में पाक के साथ नहीं खेला जाना चाहिये। हाल में भारतीय रिटारर्ड क्रिकेटरों ने भी पाकिस्तान के साथ लंदन में जारी वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स क्रिकेट टूर्नामेंट का बहिष्कार कर दिया था।

# ऋषभ ने टीम को दिया संदेश, अंतिम टेस्ट जीतकर सीरीज बराबरी पर लायें

मैनचेस्टर ।भारतीय टीम के विकेटकीपर–बल्लेबाज ऋषभ पंत ने टीम के साथी खिलाड़ियों से कहा है कि वे अंतिम टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन कर सीरीज को बराबरी पर समाप्त करें ।अभी इस सीरीज में भारतीय टीम 1–2 से पीछे चल रही है ।पैर में फ्रैक्चर के कारण ऋषभ पांचवें टेस्ट से बाहर हो गये हैं ।भारतीय टीम की पहली पारी के दौरान ऋषभ ने दाहिने पैर में फ्रैक्चर के बाद भी जबरदस्त बल्लेबाजी कर अर्धशतक लगाया था ।वह तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स की यॉर्कर पर चोटिल हुए थे ।चोट के कारण वह रिटायर हो गये थ पर जरुरत पड़ने पर दोबारा मैदान पर उतरे ।अंतिम दिन टीम इंडिया ने दूसरी पारी में जबरदस्त बल्लेबाजी कर मैच बराबरी पर ला दिया ।कप्तान शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर के शतकों और केएल राहुल की जुझारू 90 रनों की पारी की बदौलत मेजबान इंग्लैंड को ड्रॉ के लिए मजबूर कर दिया ।मैच के बाद ऋषभ ने एक वीडियो में कहा, यह मेरी तरफ से बस एक छोटा–सा भाव था ।व्यक्तिगत लक्ष्य के बारे में सोचने के बजाय, टीम को जीत दिलाने या आगे बढ़ाने के लिए, जो कुछ भी करना पड़े करना चाहिये ।उन्होंने आगे कहा, जिस तरह से सभी ने मेरा समर्थन किया, वह वाकई शानदार था ।टीम पर दबाव था, हालात कठिन थे, लेकिन जब पूरा देश एक ही उद्देश्य के लिए आपके साथ खड़ा हो जाता है, तो वह अहसास कुछ अलग ही होता है ।इस भावना को शब्दों में बयां करना मुश्किल है कि अपने देश का प्रतिनिधित्व करते हुए मैं कितना गर्व महसूस करता हूं ।मैं अपनी टीम को बस यही संदेश देना चाहता हूं कि दोस्तों, चलो इस सीरीज को जीतते हैं ।चलो, हमें देश के लिए ऐसा करना है ।वहीं इस बल्लेबाज की सराहना करते हुए हेड कोच गौतम गंभीर ने कहा, जो ऋषभ ने टीम के लिए किया है, वही जज्बा मौजूदा टेस्ट टीम का आधार होगा ।

# इंडिया चैम्पियंस हार के साथ ही वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स से बाहर हुई

लंदन ।यहां जारी पूर्व क्रिकेटरों के वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स क्रिकेट टूर्नामेंट में इयान मॉर्गन की कप्तानी वाली इंग्लैंड चैम्पियंस ने इंडिया चैम्पियंस को हरा दिया ।इस हार के साथ ही इंडिया चैम्पियंस टीम मुकाबले से बाहर हो गयी है ।वहीं मेजबान इंग्लैंड की टीम अंक तालिका में चौथे नंबर पर है और सेमीफाइनल की रेस में बनी हुई है ।इस मैच में मेजबान इंग्लैंड चैम्पियंस ने रवि बोपारा के शतक 110 रनों की सहायता से पहले बल्लेबाजी करते हुए 223 रन बनाये ।इसके अलावा इंग्लैंड चैम्पियंस की ओर से सलामी बल्लेबाज इयान बेल 39 गेंद में 54 रन बनाये ।मोईन अली ने 13 गेंद में 33 रनों की पारी खेली जबकि समित पटेल ने 20 रन बनाए ।वहीं पीयूष चावला और हरभजन सिंह के अलावा अन्य भारतीय गेंदबाजों ने 8 या इससे अधिक रन दिये ।हरभजन के 3 ओवर के 18 रन गये और उन्होंने 2 विकेट लिए ।चावला ने 4 ओवर में केवल 25 रन दिए ।दूसरी ओर पवन नेगी ने 4 ओवर में 62 और विनय कुमार ने 4 ओवर में 54 रन दिये ।इसके बाद जीत के लिए मिले 224 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंडिया चैम्पियंस 8 विकेट पर 200 रन ही बना पाये ।

# पहले की अपेक्षा आज के दौर में बल्लेबाजी आसान हुई : पीटरसन

लंदन ।इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन का कहना है कि आज के दौर में बड़े स्कोर बनाना पहले से काफी आसान हो गया है। इसलिए भी खिलाड़ी आसानी से नये रिकार्ड बना रहे हैं ।पीटरसन के अनुसार ये सब इसलिए हो रहा है कयोंकि आज टेस्ट क्रिकेट खेलने वाली टीमों के पास पहले जैसे घातक गेंदबाज नहीं हैं ।इससे मुकाबले बल्लेबाजों की ओर झुक गये हैं ।पीटरसन के इस बयान से एक नई बहस शुरु हो सकती है ।इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट के टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की



सूची में दूसरे स्थान पर पहुंचने के बाद पीटरसन का ये बयान आया है ।अब तक दूसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग थे ।इसी को लेकर पीटरसन ने सोशल मीडिया में कहा, 'मेरी बात पर नाराज न हों पर ये सही है कि आजकल बल्लेबाजी करना 20 से 25 साल पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान हो गया है। पहले के दौर में खौफनाक गेंदबाजों के कारण बल्लेबाजी करना आज की तुलना में दोगुना कठिन था ।पीटरसन ने 2005 से 2013 के बीच इंग्लैंड के लिए 104 टेस्ट, 136 एकदिवसीय और 37 टी–20 मैच खेले ।उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 23 शतक और 35 अर्द्धशतकों के साथ 47.28 की औसत से 8,181 रन बनाए ।पीटरसन ने अपने जमाने के कई गेंदबाजों के नाम लिए और पूछा है कि आज इनके स्तर का कोई भी गेंदबाज किसी भी टीम के पास है क्या ? साथ ही कहा कि अगर है तो वे केवल 10 गेंदबाजों के नाम बताएं जिनकी तुलना पहले के गेंदबाजों से की जा सकते । उन्होंने कहा, 'वकार यूनुस, शोएब अख्तर, वसीम अकरम, सकलेन मुश्ताक, अनिल कुंबले, जवागल श्रीनाथ, हरभजन सिंह , डोनाल्ड, शॉन पोलाक, मैक मैक्ग्रा, बैट ली, शेन वार्न, डेनियल विटोरी व कर्टली एंबोस जैसे गेंदबाजों को सामना करना बेहद कठिन होता था ।

# सुदर्शन तीसरे नंबर के लिए बेहतर बल्लेबाज : पोंटिंग

**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने युवा भारतीय बल्लेबाज साई सुदर्शन की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह तीसरे नंबर पर काफी अच्छी बल्लेबाजी कर सकते हैं। इसलिए प्रबंधन उन्हें इसके लिए अवसर दे। मैनचेस्टर में भारत की दूसरी पारी की खराब शुरुआत के बाद एक तीसरे नंबर पर किये उतारा जाये ये सवाल एक बार फिर उठा है। सुदर्शन इस मैच में पहली पारी में तो रन बनाने में सफल रहे थे पर दूसरी पारी में असफल रहे। भारत ने तीसरे स्थान पर चेतेश्वर पुजारा को हटाये जाने के बाद से ही के शुभमन गिल से लेकर एल राहुल, करुण नायर को भी आजमाया पर कोई भी सफल नहीं रहा।

पोंटिंग ने कहा कि तीसरे नंबर पर इतने सारे विकल्पों को खिलाने से किसी भी खिलाड़ी पर दबाव पैदा होता है। एक ऐसा दबाव जिसकी सुदर्शन जैसे एक युवा खिलाड़ी को जरूरत नहीं है। पोंटिंग ने कहा, आपको हर समय इस चिंता में डूबे रहने की जरूरत नहीं है कि आपको दूसरा मौका मिलेगा या नहीं। उन्होंने सुदर्शन को पहले टेस्ट के लिए शामिल किया फिर बाहर किया और मैनचेस्टर में फिर उसके पास ही आ गये। एक युवा खिलाड़ी के लिए, और आप जानते हैं, जब मैं तीसरे नंबर पर आया था तब मैं इतना युवा नहीं था, लेकिन आप बस अपने कप्तान और अपने कोचों से थोड़ा सा आश्वासन चाहते थे कि ठीक है, अब हम तुम्हें चुन रहे हैं, हम तुम्हें अच्छा अवसर देंगे और देखेंगे कि तुम कैसा प्रदर्शन करते हो। क्योंकि मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि सुदर्शन काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे पर उन्हें उन पर अपना विश्वास दिखाना होगा।



पोंटिंग ने भारतीय प्रबंधन से अपने खिलाड़ियों का समर्थन करने का आग्रह किया, जैसे इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और कोच ब्रेंडन मैकुलम अपने खिलाड़ियों का समर्थन करते हैं, जिसमें सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली और ओली पोप प्रमुख उदाहरण हैं। अपनी असंगतियों और अक्सर खराब फॉर्म के बावजूद वे सलामी बल्लेबाज और तीसरे नंबर के रूप में टीम का अहम हिस्सा बने हुए हैं। उन्होंने कहा, अगर आप उन पर भरोसा करते हैं और उनका समर्थन करते रहेंगे, तो वे किसी न किसी मोड़ पर आपके लिए बड़ी, मैच विजेता पारियां जरूर खेलेंगे।

# गंभीर , बोले इंग्लैंड के खिलाड़ी शतक के करीब होने तो भी ड्रॉ की पेशकश करते यही करते स्टोक्स?

मैनचेस्ट ।भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर ने मैनचेस्टर टेस्ट मैच के अंतिम दिन भारतीय बल्लेबाजों रवींद्रे जडेजा और वाशिंगटन सुंदर को ड्रॉ का प्रस्ताव देने वाले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की आलोचना की है ।गंभीर ने कहा कि अगर मेजबान टीम का कोई बल्लेबाज शतक के करीब होता तो क्या स्टोक्स मैच समय से पहले समाप्त करने (ड्रॉ) के लिए तैयार होते । स्टोक्स ने जडेजा और सुंदर को आउट करने में असफल रहने पर मैच ड्रॉ कराने का प्रस्ताव रखा ।इसे भारतीय बल्लेबाज ने ठुकरा दिया जिससे मामले में विवाद हो गया ।गंभीर से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने करारा जवाब दिया ।स्टोक्स ने मैच को ड्रॉ करने का प्रस्ताव दिया उस समय 15 ओवर शेष थे ।रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर अपने शतक के करीब थे और इसी कारण भारत ने ड्रॉ की पेशकश ठुकरा दी ।जडेजा और सुंदर दोनों ने शतक बनाए ।गंभीर ने ड्रॉ न लेने के फैसले का पूरी तरह समर्थन करते हुए कहा कि क्या इंग्लैंड अपने खिलाड़ियों के शतक के करीब होने पर भी समय से पहले ड्रॉ का फैसला लेता ।गंभीर ने कहा, 卐अगर कोई 90 पर बल्लेबाजी कर रहा है और दूसरा 85 पर हो तो क्या वे अपने शतक के अधिकारी नहीं हैं ? क्या इंग्लैंड अपने खिलाड़ियों के इसके करीब होने पर मैदान छोड़ देता ? नहीं हमारे खिलाड़ियों ने विपरीत हालात में बल्लेबाज कर ये शतक लगाये हैं ।

# ऑस्ट्रेलिया में कठिन पिचों पर खेलने के लिए तैयार रहें इंग्लैंड के बल्लेबाज : स्मिथ



लंदन ।ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा है कि इंग्लैंड के बल्लेबाज आजकल घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं पर उन्हें आगामी एशेज सीरीज के लिए तैयार रहना चाहिये क्योंकि ऑस्ट्रेलिया में हालात बिलकुल अलग होंगे ।स्मिथ का मानना है कि इंग्लैंड के बल्लेबाज अभी सपाट पिचों पर बड़े स्कोर बनाकर खुश हो रहे हैं पर ये उनके लिए अच्छा नहीं होगा ।साथ ही कहा कि बल्लेबाजों को अनुकूल पिचों की आदत नहीं डालनी चाहिए क्योंकि इंग्लैंड के बल्लेबाजों को ऑस्ट्रेलिया में ऐसी पिचें नहीं मिलेंगी ।स्मिथ ने कहा, पिछले तीन–चार साल के दौरान देखा गया है कि ऑस्ट्रेलिया के विकेट शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लिए विकेट काफी कठिन रहे हैं ।यह उनके लिए एक अच्छी चुनौती होगी पर यह एक शानदार सीरीज होने वाली है ।एशेज की तैयारी कर रहे स्मिथ इंग्लैंड–भारत सीरीज पर भी नजर रख रहे हैं ।उन्होंने कहा, मैं भारत और इंग्लैंड की सीरीज देख रहा हूं और वहां शानदार क्रिकेट खेला गया है, इसलिए मुझे लगता है कि इस साल एशेज बेहद शानदार होने वाली है ।स्मिथ को लगता है कि इंग्लैंड ने अपने आक्रामक रवैये पर अंकुश लगाते हुए दर्शकों का मनोरंजन करने की जगह पर अब मैच जीतने पर ज़्यादा ध्यान देना शुरु कर दिया है ।इस क्रिकेटर ने कहा, पिछले कुछ सप्ताह में उन्होंने हालातों के हिसाब से खेलना शुरू कर दिया है जबकि पहले वे आक्रामक खेल से दर्शकों का मनोरंजन करते थे ।वे अब मैच जीतने की कोशिश कर रहे हैं, जो शायद उनकी पिछली टिप्पणियों से अलग है ।ऑस्ट्रेलियाई टी20 टीम इस समय वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज खेल रही है पर स्मिथ, जो आगामी हंड्रेड टूर्नामेंट में वेल्श फायर की कप्तानी करेंगे अभी इंग्लैंड में ही हैं ।हालांकि उन्होंने इस साल फरवरी में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद एकदिवसीय से संन्यास ले लिया था पर स्मिथ 2028 लॉस एंजिल्स खेलों तक टी20 प्रारूप में खेलते रहेंगे जिससे कि ओलंपिक में भागीदारी कर सकें ।स्मिथ ने कहा, मैंने एकदिवसीय क्रिकेट खेलना बंद करने का फैसला किया जिससे मैं और अधिक फेंचाइजी के लिए खेल सकूं और ओलंपिक टीम में जगह बना सकूं ।

# 'उन्हें क्रिकेट की सही समझ नहीं है', शुभमन गिल की कप्तानी पर सवाल उठाने वालों को गौतम गंभीर की दो टूक

**मुम्बई (एजेंसी)।** टीम इंडिया के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने मैनचेस्टर टेस्ट के बाद कप्तान शुभमन गिल का खुलकर समर्थन किया है। उन्होंने उन आलोचकों को आड़े हाथों लिया है, जो गिल की कप्तानी और मानसिक ताकत पर सवाल उठा रहे थे। गंभीर का कहना है कि गिल में अपार प्रतिभा है और वो लगातार खुद को साबित कर रहे हैं।

### मैनचेस्टर टेस्ट में गिल का शानदार शतक

मैनचेस्टर में खेले गए चौथे टेस्ट मैच में भारत ने दूसरी पारी में शानदार वापसी की। कप्तान शुभमन गिल ने जबरदस्त शतक लगाया, जिसने भारत को मैच ड्रॉ कराने की दिशा में मजबूत कर दिया। गिल के अलावा रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर ने भी शतक जड़ते हुए टीम को संकट से निकाला।

### आलोचकों को गंभीर का जवाब

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में गौतम गंभीर ने कहा, 'शुभमन गिल की प्रतिभा पर कोई शक नहीं होना चाहिए। जो लोग उन पर सवाल उठा रहे हैं, उन्हें क्रिकेट की सही समझ नहीं है। कुछ खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खुद को साबित करने में थोड़ा समय लगता है। लेकिन जो लोग खेल को समझते हैं, वो पहले से जानते हैं कि गिल क्या कर सकते हैं।' गंभीर ने आगे कहा कि अगर गिल शतक नहीं भी बनाते, तो टीम उनके साथ खड़ी रहती। 'शुभमन को ड्रेसिंग रूम में हर किसी का समर्थन है। वो एक बेहतरीन बल्लेबाज हैं और कप्तानी का बोझ लेकर नहीं खेलते। जब वो क्रीज पर उतरते हैं, तो सिर्फ बल्लेबाज की भूमिका निभाते हैं, कप्तान की नहीं।'

### क्यों हुई गिल की आलोचना?

दरअसल, इंग्लैंड ने पहली पारी में 311 रनों की बड़ी बढ़त ली थी। इस दौरान गिल के कुछ फैसलों पर सवाल खड़े किए गए। उन्होंने अनुभवी मोहम्मद सिराज की जगह डेब्यू कर रहे अंशुल कम्बोज को नई गेंद सौंपी। साथ ही वॉशिंगटन सुंदर को काफी देर बाद गेंदबाजी पर लगाया, जब तक इंग्लैंड के टॉप बल्लेबाज रन बना चुके थे।

### रिकॉर्ड पर बनाया गिल ने इतिहास

शुभमन गिल इस सीरीज में अब तक तीन शतक लगा चुके हैं। वह इंग्लैंड की सरज़मीं पर एक टेस्ट सीरीज में 700 से ज्यादा रन बनाने वाले पहले एशियाई बल्लेबाज बन गए हैं। उनका यह प्रदर्शन बताता है कि वह सिर्फ कप्तान ही नहीं, बल्कि शानदार बल्लेबाज भी हैं।

### सीरीज में भारत अब भी पीछे

मैनचेस्टर टेस्ट ड्रॉ होने के बाद इंग्लैंड अब भी 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-1 से आगे है। अब सीरीज का आखिरी और निर्णायक मुकाबला 31 जुलाई से लंदन के ओवल मैदान पर खेला जाएगा। अगर भारत यह टेस्ट जीतता है, तो सीरीज 2-2 से बराबर होगी, वरना इंग्लैंड सीरीज जीत जाएगा।



# स्टोक्स ने की थी जडेजा से मैच समाप्त करने की पेशकश

मैनचेस्टर ।यहां भारत के खिलाफ हुए चौथे टेस्ट मैच में ड्रॉ के साथ ही भारतीय बल्लेबाजों ने मेजबान इंग्लैंड के सीरीज जीतने का सपना तोड़ दिया ।इस टेस्ट में एक समय मेजबान टीम की जीत तय मानी जा रही थी पर कप्तान शुभमन गिल सहित अन्य खिलाड़ियों के शतकों से भारतीय टीम इस मैच को ड्रॉ कराने में सफल रही ।इस मैच में रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर के बीच 303 गेंदों में 203 रन की रिकार्ड साझेदारी हुई ।मैच में एक समय ऐसा भी आया जब हालात बेहद तनावपूर्ण हो गए ।चौथे दिन भारतीय टीम के शुरुआत में ही दो विकेट गिरने के बाद लग रहा था कि हार तय है पर जडेजा और सुंदर की शानदार साझेदारी ने इंग्लैंड की उम्मीदों पर पानी फैर दिया ।ऐसे में जब मैच का परिणाम निकलना असंभव नजर आ रहा था ।तो थकान से परेशान मेजबान टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने मैच सामप्त करने के पेशकश की पर भारतीय पक्ष ने ठुकरा दिया ।जिससे मेजबान टीम और भी झल्ला गयी ।



शंघाई में रोबोट डॉग्स 2025 विश्व एआई कांफ्रेंस में कंपनी के बूथ पर डांस करते हुए। इस कांफ्रेस में विश्व की सबसे नई एआई तकनीक की जानकारी दी गयी है।

# हाईवे इन्फ्रास्ट्रक्चर का आईपीओ 5 अगस्त से खुलेगा

नई दिल्ली ।

मध्य प्रदेश स्थित टोलवे ऑपरेटर और ईपीसी इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विस प्रोवाइडर हाईवे इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का आईपीओ निवेश के लिए 5 अगस्त से खुलेगा और 7 अगस्त को बंद होगा। इस पब्लिक इश्यू का प्राइस बैंड 70 प्रति शेयर तय किया गया है। ग्रे मार्केट में कंपनी के शेयर 25 के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहे हैं, जिससे लगभग 35.71 फीसदी लिस्टिंग गेन की संभावना बनती है। आईपीओ में 97.5 करोड़ मूल्य के नए शेयर जारी किए जाएंगे। एंकर निवेशकों के लिए यह इश्यू 4 अगस्त को खुलेगा और शेयरों का आवंटन 8 अगस्त को फाइनल होगा। कंपनी के शेयर 12 अगस्त से स्टॉक मार्केट में लिस्ट होंगे। हाईवे इन्फ्रास्ट्रक्चर का मुख्य कारोबार टोलवे कलेक्शन, ईपीसी प्रोजेक्ट्स और रियल एस्टेट से जुड़ा है। मई 2025 तक कंपनी की कुल ऑर्डर बुक 666.3 करोड़ की रही, जिसमें से 606.8 करोड ईपीसी सेगमेंट और 59.5 करोड़ टोलवे बिजनेस से आए। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी की कुल आय में 77 फीसदी हिस्सा टोलवे कलेक्शन और 21 फीसदी ईपीसी से आया।




# टीसीएस करेगी 12,000 कर्मचारियों की छंटनी




नई दिल्ली ।

देश की प्रमुख आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) अगले साल अपने वैश्विक वर्कफोर्स में से करीब 2 प्रतिशत (लगभग 12,000 कर्मचारी) कम कर सकती है। कंपनी के इस फैसले के पीछे तेजी से बदलती तकनीक, खासतौर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और नए ऑपरेटिंग मॉडल्स की ओर बढ़ता रुझान है। टीसीएस के एक वे रिष्ठ अे धिकारी कहा कि कंपनी काम करने के अपने तरीके में बदलाव कर रही है और बड़ी संख्या में एआई का उपयोग कर रही है। इसके साथ ही भविष्य की जरूरतों के अनुसार स्किल्स का मूल्यांकन किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कुछ भूमिकाएं ऐसी हैं जो अब भविष्य में जरूरी नहीं रहेंगी, इसलिए यह फैसला लेना अनिवार्य हो गया है। कंपनी में जून 2025 तक कुल 6.13 लाख कर्मचारी कार्यरत थे। यदि 2 प्रतिशत की छंटनी होती है, तो यह करीब 12,000 कर्मचारियों पर असर डालेगी। यह छंटनी खासतौर पर मिड और सीनियर लेवल के कर्मचारियों पर केंद्रित होगी। हाल ही में टीसीएस ने अपनी बेंच नीति में भी बदलाव किया है। अब कर्मचारियों को साल में कम से कम 225 दिन बिल योग्य रहना होगा और बेंच टाइम 35 दिन से कम रखना जरूरी होगा।

# सरकारी और निजी कंपनियों को हर साल कराना होगा साइबर सिक्योरिटी ऑडिट

### साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए लिया गया यह फैसला

नई दिल्ली ।




भारत सरकार की डिजिटल जोखिम विश्लेषण एजेंसी इंडियन कंप्यूटर इमर्जेंसी रिस्पॉन्स टीम (सीईआरटी-इन) ने साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। अब सभी सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के संगठनों को साल में कम-से-कम एक बार थर्ड पार्टी साइबर सुरक्षा ऑडिट कराना अनिवार्य होगा। यह पहली बार है जब निजी क्षेत्र के लिए ऐसा निर्देश जारी किया गया है। नए दिशानिर्देशों के अनुसार, यह नियम उन सभी संगठनों पर लागू होगा जिनके पास डिजिटल सिस्टम, प्रक्रियाएं या इंफ्रास्ट्रक्चर है, या वे उसका संचालन करते हैं। इसके अलावा, किसी भी बड़े तकनीकी बदलाव, सिस्टम ओवरहॉल या कॉनफ़िग्रेशन बदलाव से पहले भी साइबर ऑडिट जरूरी होगा। सीईआरटी-इन ने कहा है कि ऑडिट प्रक्रिया जोखिम आधारित और डोमेन-विशिष्ट होनी चाहिए, जो संबंधित कंपनी के कार्य क्षेत्र, खतरे की स्थिति और परिचालन जरूरतों के अनुरूप हो। संगठनों को अब जोखिम मूल्यांकन, पेनिट्रेशन टेस्टिंग, नेटवर्क और सूचना सुरक्षा ऑडिट, सोर्स कोड समीक्षा, और एप्लिकेशन सुरक्षा परीक्षण जैसे उपायों को अपनाना होगा। इसके साथ ही न्यूनतम विशेषाधिकार नीति को लागू करना भी जरूरी होगा, ताकि कर्मचारियों को केवल उनकी भूमिका के अनुसार ही सीमित पहुंच दी जा सके।

रिमोट एक्सेस देने वाले संगठनों को यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी एक्सेस एन्क्रिप्टेड, टनल्ड और लॉग की गई हो। यह निर्णय बढ़ते साइबर खतरों और संवेदनशील इंफ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा के मद्देनज़र लिया गया है। इससे साइबर स्वच्छता को देशभर में एक नई मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# सोने के भाव 97,900, चांदी की कीमत 1 लाख के पार

नई दिल्ली ।

सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत में तेजी देखी जा रही है। दोनों के वायदा भाव सोमवार को तेजी के साथ खुले। घरेलू बाजार में सोने के भाव 97,900 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,13,150 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार सोने के शुरुआती कारोबार में नरमी, जबकि चांदी में तेजी देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉट्रेक्ट 33 रुपये की तेजी के साथ 97,852 रुपये के भाव पर खुला। पिछ्ला बंद भाव 97,819 रुपये था। इस समय यह 81 रुपये की तेजी के साथ 97,900 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वहीं चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रेक्ट 113 रुपये की तेजी के साथ 1,13,165 रुपये पर खुला। पिछ्ला बंद भाव 1,13,052 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह 87 रुपये की तेजी के साथ 1,13,139 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। लेकिन चांदी के भाव बाद में सुधर गए। कॉमेक्स पर सोना 3,321.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछ्ला बंद भाव 3,335.60 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 2.30 डॉलर की गिरावट के साथ 3,333.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई छू लिया है। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 38.28 डॉलर के भाव पर खुले। पिछ्ला बंद भाव 38.36 डॉलर था। इस समय यह 0.05 डॉलर की तेजी के साथ 38.41 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।




## रुपया गिरावट पर बंद



मुंबई । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया 17 पैसे की गिरावट के साथ ही 86.69 रुपये पर बंद हुआ। आज सुबह शुरुआती कारोबार में नौ पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.43 पर पहुंच गया। अमेरिका-भारत शुल्क वार्ता के केंद्र में बने रहने के कारण स्थानीय मुद्रा में तेजी हालांकि सीमित रही। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपया सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है, क्योंकि आयातकों की ओर से डॉलर की मांग जारी रहने से अमेरिकी डॉलर, रुपये के मुकाबले मजबूत बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया सकारात्मक रुख के साथ खुला और शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले 86.43 के स्तर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से नौ पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया शुक्रवार को 12 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.52 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 फीसदी की गिरावट के साथ ही 97.61 पर आ गया।




## प्रीमियर एनर्जीज का मुनाफा 55 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली ।** अक्षय ऊर्जा क्षेत्र की कंपनी प्रीमियर एनर्जीज ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में शानदार प्रदर्शन किया है। कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 55 फीसदी बढ़कर 307.8 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष 198.1 करोड़ था। इस दौरान कुल राजस्व 1,668.7 करोड़ से बढ़कर 1,869.6 करोड़ हो गया। कर-पूर्व लाभ भी 402.9 करोड़ तक पहुंचा। कंपनी के एक अे धिकारी ने कहा कि ये परिणाम विनिर्माण में सुधार और नई परियोजनाओं की प्रगति का नतीजा हैं, जिससे कंपनी की भविष्य की वृद्धि की दिशा स्पष्ट होती है।

## एम्बर ग्रुप ने यूनिट्रोनिक्स में खरीदी बड़ी हिस्सेदारी

**नई दिल्ली ।** घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माता एम्बर ग्रुप की सहायक कंपनी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने इस्राइली कंपनी यूनिट्रोनिक्स (आईएलजेआईएन) में बड़ी हिस्सेदारी खरीदने का समझौता किया है। यह डील करीब 403.78 करोड़ की ऑल-कैश डील होगी। आईएलजेआईएन, यूनिट्रोनिक्स के 56.24 लाख शेयर एनआईएस 27.75 प्रति शेयर की दर से खरीदेगी, जिससे उसे कंपनी में 40.24 फीसदी हिस्सेदारी मिलेगी। इस सौदे के बाद यूनिट्रोनिक्स के साथ मिलकर आईएलजेआईएन की कुल नियंत्रण हिस्सेदारी 45.13 फीसदी हो जाएगी। यूनिट्रोनिक्स औद्योगिक ऑटोमेशन और स्मार्ट लॉजिस्टिक्स समाधान देने वाली अग्रणी इस्राइली कंपनी है। इस निवेश से एम्बर ग्रुप को वैश्विक टेक्नोलॉजी और ऑटोमेशन सेक्टर में अपनी मौजूदगी मजबूत करने का अवसर मिलेगा, साथ ही स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग में भी आगे बढ़ने का रास्ता खुलेगा।

## सोशल मीडिया और ट्रेडिंग से कमाने वालों के लिए आईटीआर नियम बदले




**मुंबई ।** इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आईटीआर-3 और आईटीआर-4 फॉर्म में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। अब सोशल मीडिया, स्टॉक मार्केट ट्रेडिंग और कमीशन जैसे डिजिटल या असंगठित क्षेत्रों से कमाई करने वालों को अपनी आय नए प्रोफेशनल कोड्स के तहत दिखानी होगी। इसका उद्देश्य टैक्स प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाना और कर चोरी पर लगाम लगाना है। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स के लिए नया कोड 16021 निर्धारित किया गया है। ऐसे व्यक्ति, जो यूट्यूब, इंस्टाग्राम या ब्लॉगिंग जैसे प्लेटफॉर्म से कमाई करते हैं, उन्हें अपनी आय इसी कोड के तहत दिखानी होगी। यदि वे अनुमानित आय योजना का लाभ लेना चाहते हैं, तो उन्हें आईटीआर-4 फॉर्म और धारा 44एडीए के तहत रिटर्न भरना होगा। इसी तरह शेयर बाजार और डेरिवेटिव्स में व्यापार करने वालों के लिए भी अलग कोड जारी किए गए हैं- एफएंडओ ट्रेडिंग- 21010, कैपिटल मार्केट ट्रेडिंग- 21011, सट्टा कारोबार- 21009 और कमीशन एजेंट- 09029। एफएंडओ या शेयर ट्रेडिंग करने वालों को अब आईटीआर-3 फॉर्म में अपनी पूरी आय, खर्च और लाभ-हानि की जानकारी देनी होगी। पहले टैक्सपेयर्स सामान्य कोड का उपयोग करते थे, जिससे आय के स्रोतों को समझना मुश्किल होता था। नए कोड्स से न केवल करदाताओं की सही श्रेणी तय होगी, बल्कि टैक्स विभाग के लिए भी डिजिटल आय की निगरानी करना आसान होगा।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

### सेंसेक्स 572 , निफ्टी 156 अंक गिरा

मुम्बई ।

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बजार में ये गिरावट एशियाई बाजारों से मिलेजुले संकेतों के बीच ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 572.07 अंकों की गिरावट के साथ ही 80,891.02 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी भी 156.10 अंक टूटकर 24,680.90 अंकों पर बंद हुआ। वहीं पिछले सप्ताह भी बाजार में गिरावट दर्ज की गई थी।

आज सेंसेक्स की 30 में से 23 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए और केवल सात कंपनियों के शेयर ही तेजी के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। इसी प्रकार 50 शेयरों वाले एनएसई निफ्टी की केवल 15 कंपनियों के शेयर ही बढ़त के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए जबकि 35 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ ही लाल निशान में बंद हुए। आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर सबसे ज्यादा 1.23 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में आज सबसे ज्यादा 7.50 फीसदी की गिरावट रही।

वहीं सेंसेक्स की अन्य कंपनियों में आज एशियन पेंट्स के शेयर 1.00, आईसीआईसीआई बैंक 0.82, पावरग्रिड 0.43, एचडीएफसी बैंक 0.18, आईटीसी 0.11 और इंफोसिस के शेयर 0.03 फीसदी बढ़कर बंद हुए। दूसरी ओर बजाज फाइनेंस के शेयर 3.64, भारती एयरटेल 2.35, टाइटन 2.17, टीसीएस 1.76, बीईएल 1.48, एचसीएल टेक 1.47, एक्सिस बैंक 1.25, अडाणी पोर्ट्स 1.21, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.17, एसबीआई 1.16, एटरनल 1.09, टाटा स्टील 1.08, ट्रेंट 0.89, टेक महिंद्रा 0.81, टाटा मोटर्स 0.73, एलएंडटी 0.61, मारुति सुजुकी 0.57, रिलायंस इंडस्ट्रीज 0.34 फीसदी टूटकर बंद हुए। आज बीएसई मिडकैप इंडेक्स में 0.7 फीसदी और स्मॉलकैप इंडेक्स में 1.2 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

फार्मा को छोड़कर, बाकी सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। प्रेस्टीज और ओबेरॉय रियल्टी के शेयरों में गिरावट के कारण रियल्टी शेयरों पर दबाव बना रहा। मिडकैप शेयरों में मामूली बढ़त दर्ज की गई, जबकि स्मॉलकैप शेयरों में थोड़ी गिरावट दर्ज की गई। बाजार जानकारों के अनुसार कोटक महिंद्रा बैंक में भारी बिकवाली, विदेशी कोषों की लगातार निकासी और एशियाई बाजारों से कमजोर संकेतों से भी बाजार गिरा है।



इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स 150 से ज्यादा अंक की गिरावट लेकर 81,299 पर खुला। इसी तरह निफ्टी50 भी गिरावट के साथ 24,782 पर खुला।`` फिलहाल यह 58.85 अंक की गिरावट लेकर 24,778 पर कारोबार कर रहा था। वहीं एशियाई बाजारों में सोमवार को मिला-जुला कारोबार देखने को मिला। निवेशक आज स्टॉकहोम में शुरू होने वाली अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता पर और स्पष्टता का इंतज़ार कर रहे थे।

## छढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगेंगे 4,000 बीएसएनएल टावर



**रायपुर ।** केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं दूरसंचार राज्य मंत्री पेम्मासानी चंद्रशेखर ने बताया कि सरकार छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित और दूरदराज के इलाकों में डिजिटल संचार को मजबूत करने के लिए 4,000 नए मोबाइल टावर लगाने की योजना पर काम कर रही है। यह टावर सरकारी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल द्वारा स्थापित किए जाएंगे। मंत्री चंद्रशेखर तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं, जहां उन्होंने आकांक्षी जिला कार्यक्रम सहित केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों और वन विभाग से आवश्यक अनुमतियां मिलने के बाद टावरों की स्थापना चरणबद्ध ढंग से की जाएगी। उन्होंने कहा बीएसएनएल देशभर में उच्च गुणवत्ता की 4जी सेवाएं प्रदान कर रही है। इन नए टावरों के माध्यम से हम देश के अंतिम गांव तक डिजिटल संपर्क पहुंचाने के मिशन को गति दे रहे हैं। मंत्री ने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्य 'मिशन मोड' में किए जा रहे हैं और सरकार का उद्देश्य है कि हर घर तक जरूरी सेवाएं पहुंचे। इसके तहत स्कूलों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है जिससे छात्रों को जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद मिलेगी। साथ ही दिव्यांग छात्रों को विशेष सुविधाएं देने की भी व्यवस्था की जा रही है। इस पहल से न केवल संचार व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि ग्रामीण विकास, शिक्षा और सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

# अगस्त में 15 दिन बैंक रहेंगे बंद

### - त्योहारों के अलावा रविवार और शनिवार के नियमित अवकाश भी शामिल

नई दिल्ली ।

अगस्त का महीना त्योहारों और राष्ट्रीय छुट्टियों से भरा रहेगा, जिससे देशभर में बैंकिंग सेवाएं प्रभावित होंगी। इस महीने कुल 15 दिन बैंक अलग-अलग राज्यों में बंद रहेंगे। इनमें त्योहारों के अलावा रविवार और शनिवार के नियमित अवकाश भी शामिल हैं। बैंकों में हर महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को अवकाश होता है, साथ ही रविवार को सभी बैंकों में छुट्टी रहती है। अगस्त 2025 में त्योहारों की भरमार के कारण कई अतिरिक्त छुट्टियां भी रहेंगी। महीने की शुरुआत 3 अगस्त को रविवार के साथ होगी, जब सभी बैंकों में छुट्टी रहेगी। 8 अगस्त को सिक्किम में टें डोंग लो रम फाट के कारण गंगटोक में बैंक बंद रहेंगे। 9 अगस्त को रक्षा बंधन और झूलन यात्रा जैसे पर्व मनाए जाएंगे। साथ ही यह दूसरा शनिवार भी होगा, जिससे देशभर के बैंकों में अवकाश रहेगा। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस, पारसी नववर्ष और जन्माष्टमी एक साथ पड़ने के कारण पूरे देश में बैंक बंद रहेंगे। 16 अगस्त को कई राज्यों में जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में अवकाश रहेगा, जिनमें भोपाल, पटना, जयपुर, चेन्नई और अन्य प्रमुख शहर शामिल हैं। 19 अगस्त को अगरतला में महाराज बीर बिक्रम की जयंती के कारण बैंक नहीं खुलेंगे। 25 अगस्त को असम में श्रीमंत शंकर देव की तिथि पर गुवाहाटी में अवकाश रहेगा। 27 और 28 अगस्त को गणेश चतुर्थी मनाई जाएगी, जिसके कारण मुंबई, पुणे, हैदराबाद, बेंगलुरु, भुवनेश्वर और पणजी समेत कई शहरों में बैंक बंद रहेंगे। इसके अलावा 10, 17, 24 और 31 अगस्त को रविवार होने की वजह से देशभर में बैंकिंग सेवाएं बाधित रहेंगी। 23 अगस्त को चौथा शनिवार होने से भी बैंक बंद रहेंगे। इसलिए बैंक से जुड़े कार्यों की योजना बनाने से पहले अवकाश की तारीखों की जांच अवश्य कर लें। डिजिटल बैंकिंग सेवाएं हालांकि सामान्य रूप से चालू रहेंगी।




## एयरटेल की नेक्सट्रा ने एम्पिन के साथ किया समझौता

**- नए समझौते के बाद दोनों कंपनियों के बीच ऊर्जा साझेदारी 200 मेगावाट से अधिक हुई**

**नई दिल्ली ।** एयरटेल की अनुषंगी कंपनी नेक्सट्रा ने सोमवार को एम्पिन एनर्जी के साथ एक नए समझौते के तहत 125.65 मेगावाट अतिरिक्त अक्षय ऊर्जा हासिल करने की घोषणा की। इस नए समझौते के बाद दोनों कंपनियों के बीच कुल नवीकरणीय ऊर्जा साझेदारी 200 मेगावाट से अधिक हो गई है। नेक्सट्रा बाय एयरटेल और एम्पिन एनर्जी ट्रांजिशन ने इंटर-स्टेट ट्रांसमिशन सिस्टम से जुड़े सौर-पवन हाइब्रिड ऊर्जा संयंत्र के माध्यम से यह नई ऊर्जा साझेदारी की है। इससे पहले भी नेक्सट्रा ने एम्पिन एनर्जी से करीब 75 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त करने के लिए दो समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे।





## धनुष के साथ अगली फिल्म में काम करेंगे मारी सेल्वराज, कर्णन में हिट रही थी जोड़ी

साउथ के सुपरस्टार धनुष कई अपकमिंग फिल्मों को लेकर सुर्खियों में हैं। ऐसे में साउथ के निर्देशक मारी सेल्वराज ने जानकारी दी है कि वह अपनी अगली फिल्म में अभिनेता धनुष के साथ फिर से काम करेंगे। दोनों ने आखिरी बार 2021 की फिल्म कर्णन में साथ काम किया था। यह फिल्म कामयाब रही थी। समीक्षकों ने भी इसकी काफी तारीफ की थी।

### धनुष के साथ काम करेंगे निर्देशक मारी सेल्वराज

एक समारोह में फिल्म निर्माता मारी सेल्वराज ने कहा अगली फिल्म में मैं धनुष सर के साथ काम करूंगा। हमने यह फिल्म तब साइन की थी जब मैं धनुष सर के साथ कर्णन पर काम कर रहा था। जिस फिल्म के लिए हमने उस समय साइन किया था, वह कई कारणों से टल रही थी। यह एक बड़ा प्रोजेक्ट है। मैं एक साधारण कहानी को बड़े पैमाने पर बताना चाहता था। यह फिल्म वही प्रोजेक्ट है। मुझे लगता है कि यह फिल्म बहुत अहम होगी। इस फिल्म पर काम शुरू हो गया है और चल रहा है। मुझे यकीन है कि यह फिल्म मेरी जिंदगी में एक मील का पत्थर साबित होगी।

### फिल्म को लेकर लग रहीं अटकलें

हालांकि इस अनाम फिल्म के बारे में और जानकारी अभी गुप्त रखी गई है, लेकिन निर्देशक के बयान से लगता है कि इसमें भावनात्मक गहराई और दूसरी चीजें भी होंगी। हाल ही में हुए ऐलान ने फिल्म के सहायक कलाकारों और रिलीज की समय-सीमा को लेकर अटकलों को हवा दे दी है। हालांकि इनमें से किसी भी चीज का खुलासा नहीं किया गया है।

### धनुष का वर्कफ्रंट

अगर धनुष की बात करें तो वह हाल ही में फिल्म कुबेर में नजर आए थे। फिल्म काफी कामयब रही। इसमें नागार्जुन, रश्मिका मंदाना और जिम सरभ भी अहम भूमिकाओं में थे। धनुष जल्द ही फिल्म इडली कढ़ाई में दिखाई देंगे। फिल्म में नित्या मेनन, अरुण विजय, शालिनी पांडे, प्रकाश राज और राजकिरण होंगे। धनुष ने हाल ही में फिल्म तेरे इश्क में की शूटिंग पूरी की है, जिसका निर्देशन आनंद एल राय ने किया है और इसमें उनके साथ कृति सेनन हैं।



# धड़क 2 की कहानी सोचने पर मजबूर कर देगी

**गैर फिल्मी बैकग्राउंड से आने वाली तृप्ति डिमरी एनिमल की सफलता के बाद अब एक और बड़ी फिल्म धड़क 2 में लीड रोल निभा रही हैं। यह फिल्म जातिगत भेदभाव के बीच प्रेम कहानी पर आधारित है, जिसमें तृप्ति के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी नजर आएंगे। पेश हैं तृप्ति से खास बातचीत...**

मुंबई आने का फैसला करियर का एक अहम मोड़ था... मुंबई आना मेरे करियर का सबसे अहम मोड़ था। उस वक्त दो ही रास्ते थे। एक तो जोखिम उठाकर यहां आऊं या दूसरा कि सब कुछ छोड़ दूं। रिश्तेदारों को शक था कि बिना किसी कनेक्शन के मैं कैसे आगे बढ़ पाऊंगी। माता पिता भी डरे हुए थे। काफी बहस और तनाव के बाद मैं निकली थी। आज जब पीछे देखती हूं, तो गर्व होता है कि मैंने वो कठिन लेकिन सही फैसला लिया। उस वक्त रोना आता था, पर आज मैं बहुत खुश हूं।

कैमरे के सामने एक्टिंग करना बड़ी बात थी... इंडस्ट्री में खुद पर भरोसा करना आसान नहीं था। शुरुआत में न फील्ड की समझ थी, न यकीन कि कर पाऊंगी या नहीं। जब पहली फिल्म मिली, तो मुझे अपना काम खास नहीं लगा, लेकिन लोगों ने सराहा। असली उपलब्धि यह थी कि मैं हमेशा अंतर्मुखी रही हूं और कैमरे के सामने एक्टिंग करना मेरे लिए बड़ी बात थी। धीरे-धीरे मैंने एक्टिंग और खुद को समझा। आज स्क्रिप्ट मिलते ही थोड़ा डर जरूर लगता है लेकिन अब भरोसा होता है कि मैं हर तरह का किरदार निभा लूंगी।

### शूटिंग में क्लास बंक करके मुझे देखने आते थे लड़के

रणबीर कपूर के साथ फिल्म एनिमल की सफलता के बाद ऐसा कोई वीआईपी ट्रीटमेंट तो नहीं मिला है लेकिन मैंने यह देखा है कि जब कोई फिल्म आत्मविश्वास के साथ रिलीज होती है, तो उसके बाद जब आप कोई अगली फिल्म करते हैं, तो उसकी शूटिंग के दौरान कुछ नया ही देखने को मिलता है। जैसे हम धड़क 2 के लिए एक नेशनल कॉलेज में कॉलेज में शूट कर रहे थे, वह बहुत सारे लड़के थे। सिद्धांत ने मुझे बताया करता था कि पूरा कॉलेज ही दीवाना सा हो गया है। क्लासेस बंक हो रही हैं, लड़के क्लास में नहीं रहते हैं। सब मुझे देखने आते हैं।

### धड़क 2 जैसी स्क्रिप्ट्स कम ही मिलती हैं...

करण जौहर सर का फोन आया था और उन्होंने शाजिया इकबाल का नाम लिया। फिर जब मैं पहली बार धड़क 2 को लेकर शाजिया इकबाल से मिली, तो कहानी सुनते ही उससे एक जुड़ाव महसूस हुआ। मुझे लगा कि यह वही कहानी है जिसे हर हाल में करना चाहिए। यह सोचने पर मजबूर करती है और ऐसी स्क्रिप्ट्स कम ही मिलती हैं। उस दिन से अब तक मैं शुक्रगुजार हूं कि इसका हिस्सा बन पाई।

### मेरी पिछली फिल्में भी सराही गईं...

परफॉर्मेंस को लेकर आत्मविश्वास तो मुझमें काफी पहले से आ गया था, किस्मत से जब मेरा काम लोगों को पसंद आने लगा था। जब ऐसा कुछ होता है, तो आप बहुत आभारी महसूस करते हैं क्योंकि आप चाहते हैं कि ज्यादा से ज्यादा लोग आपकी फिल्में देखें, आपका काम देखें और एनिमल की वजह से भी ऐसा हुआ। एनिमल रिलीज होने के बाद यह हुआ कि लोगों ने मेरा पिछला काम भी देखा। जिनमें बुलबुल, कला, लैला मजनू जैसी फिल्में शामिल हैं। मुझे लगता है कि यह एनिमल से मिला सबसे बड़ा उपहार था। बाकी कभी मौका मिला तो मैं कभी अलविदा न कहना की रीमेक करना चाहूंगी। वह मेरे दिल के बहुत करीब है। वैसे तो करण सर की हर फिल्म बेहद अलग होती है। वह कुछ सवालों के जवाब ढूंढ रही होती है। मैं ऐसी फिल्मों का हिस्सा बनना चाहूंगी।



## लंदन में परेशान हुईं आरजे महवश, शेयर किया बुरा अनुभव

आरजे महवश इन दिनों खूब सुर्खियों में हैं। वजह है उनकी निजी जिंदगी। दरअसल, महवश का नाम क्रिकेटर युजवेंद्र चहल से जोड़ा जा रहा है। दोनों के कथित डेटिंग की खबरें काफी वक्त से आ रही हैं। यहां तक कि इस वक्त दोनों साथ में लंदन में हैं, इसका संकेत भी महवश ने हालिया सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दिया। महवश लंदन से लगातार अपनी स्टाइलिश फोटोज और वीडियो शेयर कर रही हैं। मगर, लंदन ट्रिप के दौरान उन्हें कुछ खराब अनुभव भी हुए हैं और अनुभव भी ऐसे हैं कि महवश ने लंदन जाने तक से तौबा कर ली है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बताया है कि लंदन में जाम और भीड़ से वे तंग आ गई हैं। ऊपर से वहां चोरी की घटनाएं भी होती हैं।

### काम न हो तो कभी न आऊं इस जगह

महवश ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें लंदन की सडकों पर जाम देखा जा सकता है। इसके साथ आरजे महवश ने लिखा है, ये लंदन है भाई। ट्रैफिक जाम, भीड़, चोरी तो इतनी के कोई घड़ी, बैग, कंगन, नहीं पहन रहा और आज कल चाकू भी मार जा रहे हैं चोरी के साथ-साथ। काम ना हो तो मैं इस जगह कभी वापस ना आऊं!

### धनश्री वर्मा से तलाक के बाद जुड़ा महवश से नाम

धनश्री वर्मा के साथ तलाक के बाद युजवेंद्र चहल का नाम महवश के साथ जोड़ा जा रहा है। दोनों को कई बार साथ में स्पॉट किया गया है। हालांकि, डेटिंग की कथित खबरों पर अब तक चहल और महवश दोनों ने चुप्पी साध रखी है। हालांकि, अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दोनों अप्रत्यक्ष रूप से यह संकेत तो देते रहते हैं कि इनके बीच नजदीकियां हैं। देखना दिलचस्प होगा कि ऐसी अफवाहों पर दोनों कब चुप्पी तोड़ते हैं। बता दें कि चहल ने साल 2020 में धनश्री वर्मा से शादी की। 2025 में दोनों का तलाक हो गया है।

## रश्मिका ने डियर डायरी परफ्यूम लॉन्च को बताया प्यार और जादू का संगम



अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने अपना परफ्यूम ब्रांड डियर डायरी लॉन्च कर दिया है। जिसको लेकर उन्होंने बताया, कि वह इसको लंबे समय से लॉन्च करने के बारे में सोच रही थी। अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने बताया कि वह लंबे समय से अपना परफ्यूम ब्रांड लॉन्च करना चाहती थी, क्योंकि परफ्यूम हमेशा- से ही उनके दिल के करीब रहा है। इसी को लेकर उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है, जिसमें वह अपने परफ्यूम को लिए नजर आ रही हैं। पोस्ट शेयर कर अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, सच कहूं तो इसे लॉन्च करने का विचार मेरे मन में काफी लंबे समय से था। परफ्यूम हमेशा मेरे दिल के करीब रहा है। छोटी-छोटी यादें ताजा करने वाली ये बोतलें, जिसे हम साथ लेकर चलते हैं, यह हमारे जीवन में कई निशान छोड़ जाते हैं। अपने परफ्यूम ब्रांड डियर डायरी को मार्केट में लाने के पीछे पूरी कहानी बताते हुए रश्मिका ने लिखा, एक छोटी सी सोच से लेकर ढेरों मीटिंग्स, कई मूडबोर्ड और बहुत सारे खूशबूदार परफ्यूम की टेस्टिंग, लंबी बातचीत तक, इसकी हर छोटी-छोटी बातें मायने रखती, हर कदम खास है। रश्मिका ने बताया कि इतनी मेहनत के बाद, उन्हें तीन परफ्यूम मिले, जिनके बारे में उन्हें लगा कि ये परफ्यूम उन्हें ब्रांड में रखना चाहिए। जिसकी खूशबू लोगों को पसंद आएगी। अभिनेत्री ने इससे पहले अपने फ्रेगरेंस ब्रांड के लॉन्च की घोषणा की थी। अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने लिखा कि परफ्यूम ब्रांड डियर डायरी मेरे निजी जीवन के अनुभवों और विचारों से प्रेरित है।

## एक्शन-ड्रामा से भरपूर नई वेब सीरीज के लिए शिवांगी वर्मा उत्साहित



तेरा इश्क मेरा फितूर, छोटी सरदारनी और बैडएस रविकुमार जैसे प्रोजेक्ट्स में काम कर चुकीं एक्ट्रेस शिवांगी वर्मा जल्द ही नई वेब सीरीज में नजर आएंगी, जिसका हिस्सा बनकर वह बेहद उत्साहित हैं। यह सीरीज हंगामा प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी और इसमें एक्शन, ड्रामा, प्यार और कई ट्विस्ट्स हैं। शिवांगी ने कहा, मैं इस नई सीरीज का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं। मेरा किरदार बहुत ही मजेदार, मुश्किल भरा और चुनौतीपूर्ण है। मैं इसके बारे में ज्यादा नहीं बता सकती, वरना कहानी का राज खुल जाएगा। यह सीरीज एक्शन, ड्रामा, प्यार और सरप्राइज से भरपूर है। आप देखकर हैरान होंगे कि एक लड़की मुश्किल हालात में क्या-क्या कर सकती है।

उन्होंने बताया कि यह किरदार उनके लिए खास है। शिवांगी ने बताया, मैं हमेशा से वेब सीरीज की फैन रही हूं। यह एक्टिंग का ऐसा माध्यम है, जो भावनाओं और किरदार के विकास को गहराई से दिखाने का मौका देता है। जब मुझे इस कहानी के बारे में बताया गया, तो मैं बहुत उत्साहित हो गई। यह किरदार वैसा ही है, जैसा मैं निभाना चाहती थी - मजेदार और सरप्राइज से भरा। शिवांगी ने को-एक्टर्स की तारीफ करते हुए कहा कि शानदार टीम के साथ काम करना इस प्रोजेक्ट को और बेहतर बनाता है। उन्होंने बताया, जब आपके साथ टैलेंटेड और अनुभवी कलाकार हों, तो स्क्रीन पर केमिस्ट्री साफ दिखती है। यह पूरी सीरीज को खास बना देता है। उन्होंने अपनी भूमिका के बारे में बताने से इनकार किया, हालांकि थोड़ा हिंट देते हुए कहा, मेरा लुक ग्लैमरस और आकर्षक है। यह सीरीज एक मसाला जॉनर है, जिसमें हर तरह का मनोरंजन है।




# अपनी डेब्यू फिल्म से रातोंरात स्टार बने ये चेहरे, फिल्म इंडस्ट्री से नहीं है परिवार का नाता

**बॉलीवुड में ऐसी कई अभिनेत्रियां हैं, जिन्होंने अपनी पहली फिल्म से ही दर्शकों का दिल जीत लिया और रातोंरात स्टार बन गईं। खास बात यह है कि इन सितारों का फिल्म इंडस्ट्री से कोई पारिवारिक नाता नहीं रहा है। अपनी मेहनत, टैलेंट और किस्मत के दम पर इन्होंने बॉलीवुड में अपनी पहचान बनाई।**

### अनीत पड्डा- सैयारा


हाल ही में रिलीज हुई फिल्म सैयारा दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है। इस फिल्म को मोहित सूरी ने निर्देशित किया है। इस फिल्म में अहान पांडे और अनीत पड्डा ने अहम भूमिका निभाई है। यह एक रोमांटिक फिल्म है। अनीत ने फिल्म सैयारा से बतौर लीड एक्ट्रेस कदम रखा है। हालांकि अनीत पहले काजोल की फिल्म सलाम वेंकी में नजर आ चुकी हैं। अनीत का फिल्म इंडस्ट्री से कोई सीधा संबंध नहीं है। उन्होंने अपने दम पर इस मुकाम को हासिल किया। उनकी खूबसूरती और नैचुरल एक्टिंग ने उन्हें तुरंत फैंस का चहेता बना दिया।

### कृति सेनन-हीरोपंति



कृति सेनन ने फिल्म हीरोपंति से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इस फिल्म में वह टाइगर श्रॉफ के साथ नजर आईं। इन दोनों की केमिस्ट्री को दर्शकों ने खूब पसंद किया। कृति का परिवार फिल्म इंडस्ट्री से नहीं जुड़ा है, लेकिन उनकी खूबसूरती, डांस और एक्टिंग स्किल्स ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। हीरोपंति की सफलता के बाद कृति ने कई हिट फिल्में दीं, जिसमें बरेली की बर्फी, लुका छुपी, और मिमी शामिल हैं। आज कृति की गिनती बॉलीवुड की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में होती है।

### दीपिका पादुकोण-ओम शांति ओम



दीपिका पादुकोण ने शाहरुख खान के साथ फिल्म ओम शांति ओम से बॉलीवुड में एंट्री की। इस फिल्म में उनकी मासूमियत और खूबसूरती ने दर्शकों को दीवाना बना दिया। दीपिका का फिल्म इंडस्ट्री से कोई पारिवारिक कनेक्शन नहीं रहा है। दीपिका ने अपनी मेहनत और एक्टिंग के दम पर बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई। ओम शांति ओम की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद दीपिका ने पद्मावत, बाजीराव मस्तानी, और पीकू जैसी फिल्मों में शानदार अभिनय किया। आज वह न सिर्फ बॉलीवुड बल्कि हॉलीवुड में भी अपनी पहचान बना चुकी हैं।

### दिशा पाटनी-एम एस धोनी



दिशा पाटनी ने 2016 में फिल्म एम एस धोनी - द अनटोल्ड स्टोरी से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इस बायोपिक फिल्म में उनके अभिनय की जमकर तारीफ हुई। दिशा का परिवार भी फिल्म इंडस्ट्री से नहीं जुड़ा है, लेकिन उनकी खूबसूरती और स्क्रीन प्रजेंस ने उन्हें तुरंत फैंस का फेवरेट बना दिया। इस फिल्म की सफलता के बाद दिशा ने बागी 2, भारत, और मलंग जैसी फिल्मों में काम किया। उनकी फिटनेस, डांस और स्टाइल ने उन्हें युवाओं के बीच खासा लोकप्रिय बनाया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in